# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 163 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 12 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**
नोएडा की दो बड़े कॉमर्शियल आवंटन



**P- 4**
पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को दबोचा, एक जिंदा कारतूस



**P- 5**
हिटलर ने आत्महत्या नहीं की, हार के डर से भाग गया था दूसरे देश!



**P- 6**
तीन साल बाद घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे नीरज चोपड़ा पर होगी



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- मेरी तबीयत ठीक नहीं लग रही है...!
पति- ओहह, पर मैं तो तुम्हारे साथ शॉपिंग पर जाने की सोच रहा था...!
पत्नी- जानू, मैं तो मजाक कर रही थी...!
पति- मैं भी मजाक ही कर रहा था, चल उठ के खाना बना...!



## शायरी

हर-चंद एतबार में धोके भी हैं मगर
ये तो नहीं किसी पे भरोसा किया न जाए

## अर्थसार



संसेक्स: 72,664.47 +260.30 (0.36%)
निफ्टी: 22,055.20 +97.70

## मौसम



अधिकतम : 38 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से
सूयोदय सोमवार : 5 : 42
सूर्यास्त रविवार : 7 : 07

# राहुल ने एक मंच पर मोदी से बहस का प्रस्ताव स्वीकारा

**दो जजों ने दोनों नेताओं को चिट्ठी लिखी थी**

एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने एक मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बहस करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- ये एक अच्छा इनीशिएटिव होगा कि बड़े राजनीतिक दल अपने विजन को एक प्लेटफॉर्म पर आकर रखें।

देश उम्मीद करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस डिबेट में हिस्सा लेंगे। असल में दो रिटायर्ड जजों जस्टिस



मदन बी लोकुर और जस्टिस अजित पी शाह और द हिंदू के एडिटर-इन-चीफ रहे एन राम ने प्रधानमंत्री और राहुल को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उन्होंने दोनों नेताओं से एक मंच पर आकर बहस करने की बात कही थी।

इससे पहले, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार 11 मई को दिल्ली के महरौली इलाके में रोड शो किया।

इसमें उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे।

इससे पहले केजरीवाल ने एक जनसभा में कहा कि अगले साल मोदी 75 साल के होने वाले हैं, क्या भाजपा उन्हें रिटायर करेगी?

केजरीवाल के बयान पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा- केजरीवाल और पूरा इंडिया गठबंधन चुनाव में असफलता के एहसास पर बौखला गया है।

देश को भटकाना और भ्रमित करना ही इनका उद्देश्य है। पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक हर तरफ मोदी जी को जनता का प्रचंड आशीर्वाद मिल रहा है।

# परिवार के 5 सदस्यों की हत्या की, फिर सुसाइड

**सीतापुर में बेटे ने मां को गोली मारी, पत्नी का सिर कुचला, 3 बच्चों को छत से फेंका**

सीतापुर। सीतापुर में युवक ने अपने परिवार को खत्म कर दिया। मां को गोली मारी। पत्नी को गोली मारने के बाद सिर हथौड़े से कूच दिया। 3 बच्चों को छत से फेंक कर मार दिया। फिर घर के बाहर आया, खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मामला थाना रामपुर के पालापुर गांव का है।

युवक गांव में रहकर 100 बीघा जमीन पर खेती करता था। पत्नी लखनऊ में एक इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करती थी। 3 बच्चों को लेकर अलीगंज के सरगम कॉम्प्लेक्स में रहती थी। तीनों बच्चे लखनऊ में ष्टरूस की अलीगंज ब्रांच में पढ़ते थे। शुक्रवार सुबह ही पत्नी बच्चों को लेकर गांव पहुंची थी। सीतापुर एसपी चक्रेश मिश्रा ने कहा- 45 साल के अनुराग ने पत्नी प्रियंका (40), तीन बच्चे अरना



(12), अरवी (7), आद्विक (8) और 62 साल की मां सावित्री सिंह की हत्या कर दी। फिर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

### भाई ने खुद को कमरे में बंद कर लिया

वारदात के वक्त हत्यारोपी अनुराग का भाई अजीत भी घर में था। उसने तीसरी मंजिल में बने कमरे में खुद को



बंद कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसने बताया- कल सुबह घर में गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मैं कमरे से बाहर आया, तो अनुराग दिखा। अनुराग उसकी तरफ दौड़ा तो उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया।

इस भयावह हत्याकांड की वजह क्या है? यह अभी तक स्पष्ट नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया- सुबह 5 बजे गांव वालों ने गोलियों की आवाज सुनी। वह अपने घर से बाहर निकलकर आए। अनुराग की लाश घर के बाहर पड़ी थी। घर के अंदर गए तो आंगन में 3 बच्चे खून से लथपथ पड़े थे। ऐसा लग रहा था जैसे उन्हें छत से फेंका गया हो। उनके सिर से खून निकल रहा था। ग्राउंड फ्लोर के कमरे में बेड पर अनुराग की मां की लाश पड़ी थी। फर्स्ट फ्लोर के बरामदे पर चारपाई पर पत्नी की डेडबॉडी थी।

उसके हाथ में खून से सना हुआ हथौड़ा था। सिर से खून निकल रहा था। ऐसे लग रहा था कि पत्नी के सिर पर हथौड़े से वार किए गए हैं।

गांव वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया। क्राइम स्पॉट को सील कर जांच की जा रही है।

# दिल्ली में धूल भरी आंधी, दो लोगों की मौत : 23 घायल, 9 फ्लाइट्स डायवर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार की रात धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान पेड़ गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। तेज आंधी से कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। तूफान के कारण अलग-अलग हादसों में कुल 23 लोग घायल हुए हैं। हवा की रफ्तार 50 से 70 किमी प्रति घंटा के बीच दर्ज की गई। दिल्ली एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण 9 फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया है। सड़कों पर पेड़ गिरने से दिल्ली और आसपास के इलाकों में यातायात भी



प्रभावित हुआ है। पुलिस ने बताया कि उन्हें पेड़ गिरने से जुड़े 152, इमारतों को नुकसान पहुंचने से जुड़े 55 और पावर कट से जुड़े 202 कॉल रिसीव हुए हैं। आंधी और बारिश के बाद दिल्ली एनसीआर में बढ़ते तापमान से लोगों को राहत मिली है।

# चौथे चरण का चुनाव प्रचार थमा, सोमवार को 96 लोक सभा सीटों पर होगा मतदान

नयी दिल्ली। लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार (13 मई) को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। सभी क्षेत्रों की मतगणना चार जून को एक साथ कराई जाएगी।

चुनाव आयोग ने चौथे चरण की




वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली है और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराए गए। पांचवें, छठे ओर सातवें चरण में क्रमश 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान कराए जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी।

चाथे चरण में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा घटक दल के नेताओं ने सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का समर्थन जुटाते हैं।

चौथे चरण में 13 मई को आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी।

आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है।

**हत्या** | **मधुबनी में आरोपी ने पत्थर से कुचला सिर; दो मासूमों ने छिपकर बचाई जान**

# मधुबनी में दामाद ने की पत्नी..सास और 2 बच्चों की हत्या

मधुबनी। मधुबनी में एक दामाद ने अपनी पत्नी, सास और दो बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के वक्त घर में कुल 6 लोग थे। दो बच्चों ने अपनी जान अनाज रखने वाले कोठी के कोने में छिपकर बचाई। बताया जा रहा है कि आरोपी दुकान खोलने के नाम पर ससुराल वालों से पैसा मांग रहा था।

इसी को लेकर उसका अपनी पत्नी और सास से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात को भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बीच आरोपी पवन महतो ने अपने साथी के साथ मिलकर उसने सो रही अपनी सास प्रमिला देवी (60), पत्नी पिंकी




देवी (26), 4 साल की बेटी प्रीति कुमारी और छह माह की बेटी प्रिया को अनाज पीसने वाले जांता के पत्थर और उसके लकड़ी के हैंडल से सिर कुचल दिया।

चारों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दादी के साथ सो रही आरोपी दामाद के साले संतोष महतो के दो बच्चे सुहानी और सचिन इस घटना के समय डर कर पलंग के नीचे छुप गए थे। वहीं, घटना के बाद आरोपी पवन फरार है। पुलिस की टीम इस घटना की जांच में जुटी है। वारदात झंझारपुर थाना क्षेत्र के सुखेत गांव के बरिशलाल चौक की है।

### दो बच्चों ने सुनाई आप बीती

चौकी के नीचे सहमे बच्चे पिता की आवाज सुनकर बाहर निकले तो उसने बताया कि हम दोनों अपने दादी, दीदी और दोनों बहनों के साथ सोए थे। फूफा ने हमारी बुआ और दादी का मार रहे थे। सभी को मारते हुए देख हमदोनों छुप गए। इस दौरान कुछ भी नहीं बोले। वह हम लोगों के सामने सभी को मार दिए। वहीं सुबह होते ही घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र में फैल गई। देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### दुकान खोलने के नाम पर पैसा मांग रहा था आरोपी दामाद

मृतक पत्नी पिंकी देवी के भाई संतोष महतो ने बताया कि उनका जीजा नशेड़ी है। वह उसकी बहन के साथ अक्सर मारपीट करता था और बार-बार पैसा भी मांगता था। 4 साल पहले भी 20 हजार दिए थे। एक बार फिर से दुकान खोलने के नाम पर पैसा मांग रहा था। हम लोग खुद गरीब हैं। हम लोग का पारंपरिक पेशा पेड़ से नीरा उतारने का है। भाई ने बताया कि उसका जीजा पवन महतो पिछले 10 दिनों से यहीं रह रहा था। रात में पत्नी और मां से झगड़ा के बाद कुछ लोगों बुलाया और हमारे पूरे परिवार को मार डाला।

# तीसरे चरण के मतदान का नया संशोधित आंकड़ा 65.68 प्रतिशत के पहले स्तर पर

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग की ओर से शनिवार को जारी संशोधित आंकड़ों के अनुसार लोक सभा चुनावों के तीसरे चरण में सात मई को 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ।

आयोग की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के सात और आठ मई को जारी दो प्रेस विज्ञप्तियों के क्रम में इस समय चल रहे आम चुनाव 2024 के चरण-3 में 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 65.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण के चुनाव में सात मई को वोट डाले गए थे।

अयोग द्वारा आठ मई को जारी विज्ञप्ति में भी मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत दिया था। सात मई को रात 11 बजे जारी विज्ञप्ति में मतदान का प्रतिशत 64.4 प्रतिशत बताया गया था। आयोग की ताजा विज्ञप्ति के अनुसार तीसरे चरण में पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 66.89, महिलाओं का 64.41 प्रतिशत और लिंग-वर्ग तृतीय (उभयलिंगी) के मतदाताओं का प्रतिशत 25.2 था। तीसरे चरण में असम के चार संसदीय क्षेत्रों में सर्वाधिक 85.45 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर सबसे कम सबसे कम 57.55 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

इन चुनावों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को हुए पहले और दूसरे चरण में क्रमश 66.1 प्रतिशत और 66.7 प्रतिशत वोट पड़े थे।

# दूल्हे समेत 4 की कार में जिंदा जलकर मौत

**झांसी में कार को ट्रक ने टक्कर मारी, भाई और 4 साल के भतीजे की भी मौत**

एजेंसी

झांसी। झांसी में शुक्रवार देर रात भीषण हादसे में दूल्हा, भाई-भतीजा समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बारात लेकर जा रहे दूल्हे की कार को ट्रक ने टक्कर मारी। कार में लगे एलपीजी सिलेंडर फट गया और आग लग गई। कार सवार दो लोगों को बचा लिया गया है।

हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया। हादसा झांसी-कानुपर हाईवे पर बड़ागांव थाना क्षेत्र के पारीछा ओवरब्रिज पर हुआ। हादसे में दूल्हे के अलावा उसके भाई, भतीजे और कार ड्राइवर की मौत हुई है।

### बारात पहुंचने से पहले हुआ हादसा

एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव निवासी आकाश अहिरवार (25) पुत्र संतोष अहिरवार की शुक्रवार को शादी थी।

वह बारात लेकर दुल्हन के घर बड़ागांव थाना क्षेत्र के छपार गांव के लिए रवाना हुआ। कार में दूल्हा समेत 6 लोग थे।

रात को उनकी कार जब हाईवे पर पारीछा ओवरब्रिज पर पहुंची तो पीछे



से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। कार में लगा सीएनजी सिलेंडर फट गया। कार और ट्रक में आग लग गई।

कार में दूल्हा आकाश, उसका बड़ा भाई आशीष अहिरवार (30), आशीष का 4 साल का बेटा मयंक और ड्राइवर जयकरन उर्फ भगत (32) जिंदा जल गए।

जबकि गांव के रवि अहिरवार और रमेश को आसपास के लोगों ने बचा लिया। उनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है।

### एक घंटे बाद बुझ पाई आग

टक्कर के बाद पहले कार और फिर ट्रक में लगी आग भीषण हो गई। इससे चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। पीछे से अन्य वाहनों से रिश्तेदार और अन्य बाराती भी पहुंच गए।

उन्होंने आसपास के लोगों की सहायता से जल रही कार का शीशा तोड़कर दो लोगों को किसी तरह बाहर निकाला।

उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया है। एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।




# किसानों के खर्च और कर्ज में कमी बेहद जरूरी

राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर पर कृषि व खाद्य नीति की बहुत चर्चा होती रही है। इसके बावजूद ऐसी समग्र नीति नहीं बन पाई है, जिसमें सभी जरूरतों का संतुलित समावेश हो सके। ऐसी समग्र नीति में आठ उद्देश्यों का संतुलित निर्वाह होना चाहिए, जो परस्पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

पहला उद्देश्य तो यह है कि किसानों को, विशेषकर छोटे व मध्यम किसानों को संतोषजनक, टिकाऊ व रचनात्मक आजीविका उपलब्ध हो। संतोषजनक का मतलब उन्हें उपज की उचित कीमत मिले, जिससे ?जीवन-निर्वाह के अनुकूल आय प्राप्त हो। टिकाऊ का अर्थ आजीविका व इसका आधार भावी पीढ़ी के लिए भी टिका रहे। पानी-मिट्टी जैसी खेती की बुनियादी जरूरतें अच्छी स्थिति में बनी रहें। रचनात्मक का अर्थ खेती-किसानी के ज्ञान का किसान बेहतर उपयोग कर सकें, जिसमें परंपरागत ज्ञान व महिला किसानों की समझ की बड़ी भूमिका है। खर्च और कर्ज में कमी जरूरी है।

दूसरा उद्देश्य यह है कि उपभोक्ताओं को ऐसे खाद्य पदार्थ उचित कीमत पर मिलें, जो उन्हें स्वस्थ व नीरोग रखें। तीसरा उद्देश्य यह है कि कृषि व गांव का पर्यावरण अच्छा ?रहे। भू-जल स्तर ठीक बना रहे, मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति बनी रहे, जल-स्रोत उपलब्ध हों, किसान के मित्र, जो कीट-पतंगे, मधुमक्खियां, पक्षी आदि हैं, उनकी भी रक्षा हो तथा परागण की क्रिया ठीक से हो। सभी गांवों में भरपूर स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष रहें। परंपरागत बीजों की रक्षा भी बहुत जरूरी है।

चौथा उद्देश्य यह है कि जलवायु बदलाव के मौजूदा दौर में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम रखा जाए और इस कारण उत्पन्न प्रतिकूल मौसमी स्थितियों व आपदाओं का सामना करने की क्षमता विकसित हो। बुरे मौसम व आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पहले से बेहतर तैयारी करनी होगी। यदि ग्रीनहाउस गैसों को नियंत्रित करने का कार्य ठीक से हो, तो इसके लिए विश्व स्तर पर स्थापित कोष से धनराशि प्राप्त की जा सकती है और किसानों को दी जा सकती है।

पांचवां उद्देश्य है कि भूमिहीन खेत मजदूरों को बेहतर मजदूरी और जहां संभव हो, कुछ भूमि देकर उनकी सहायता की जाए। इसी तरह प्रवासी मजदूरों की भलाई का भी पूरा ध्यान रखना होगा। विशेषकर डेयरी व पशुपालन, किचन गार्डन आदि के माध्यम से भी इनकी मदद हो सकती है।

छठा उद्देश्य है कि खेती के उत्पादों पर आधारित लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, क्योंकि केवल खेती से गांव व गांव के लोगों की समृद्धि का मजबूत आधार नहीं बनता है। इससे स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार का सृजन भी होगा। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

सातवां उद्देश्य यह है कि देश के विभिन्न भागों की अलग-अलग स्थितियों के अनुसार कृषि विकास की अलग-अलग जरूरतों के अनुकूल नियोजन होने चाहिए। यानी विकेंद्रित स्थानीय जरूरतों के अनुकूल कृषि नीति पर अधिक जोर देना चाहिए। आठवां और अंतिम उद्देश्य यह है कि खेती व ग्रामीण विकास के लिए सरकारों को अपना बजट बढ़ाना चाहिए। एक बार किसानों के कर्ज को माफ कर ऐसी स्थिति उत्पन्न करनी चाहिए कि सस्ती तकनीक अपना कर वे आगे कर्ज से बच सकें।



अन्तर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस, 12 मई 2024

# प्रेम का आदि उद्गम स्थल है मातृत्व



-ललित गर्ग-



मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का वैश्विक उत्सव है जो माताओं और मातृतुल्य विभूतियों का सम्मान करता है, माताओं के द्वारा अपनी संतान, परिवार और समाज के लिए उनके बलिदान, अमूल्य योगदान और समर्पण को याद करने, सम्मान देने एवं पूजने का पवित्र दिन है। मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस अन्ना जार्विस द्वारा स्थापित किया गया था, जो उनकी अपनी मां के मानवीय कार्यों के प्रति समर्पण से प्रेरित था, 1914 में राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में नामित किया, जिसे बाद में अन्य देशों ने अपनाया। मां के उपकार इतने बड़े है कि इंसान अगर पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दे तो मां के ऋण से उऋण नहीं हो सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं।

विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद तीन-चार दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। 'मां' शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।

हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।' एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं।

अब्राहम लिंकन का मां के बारे में मार्मिक कथन है कि जो भी मैं हूँ, या होने की उम्मीद है, मैं उसके लिए अपने प्यारी माँ का कर्जदार हूँ। किसी औलाद के लिए 'माँ' शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्में होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना, जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। वह गिले में सोती और हमें सूखे में सुलाती। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी, कई सदियां भी कम है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली जीवन-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ आधुनिक बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी।

मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन् सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। किन्तु त्याग की यह चरमता ही मां अर्थात् नारी जाति की शत्रु बन गयी। समाज पुरुष प्रधान होता गया और नारी का अवमूल्यन होता गया। धीरे-धीरे वह पुरुष की उपभोग्या, उसके 'चरणों की दासी' बनकर रह गयी। शिक्षा-आत्मसम्मान वंचिता दासी की संतति महान कैसे हो सकती है? उसमें तो दास सुलभ चारित्रिक प्रवृत्तियां आएंगी ही। अत: नारी के अवमूल्यन के साथ-साथ पुरुष जाति का नैतिक अध:पतन होता गया।

मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है।

मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। इसलिए यह आवश्यक है कि मातृत्व के भाव पर नारी मन पर किसी दूसरे भाव का असर न आए। जैसाकि आज कन्याभ्रूणों की हत्या का जो सिलसिला बढ़ रहा है, वह नारी-शोषण का आधुनिक वैज्ञानिक रूप हैं तथा उसके लिए मातृत्व ही जिम्मेदार है। कन्याभ्रूणों की हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है।

# टाईम पास

# हरियाणा में सियासी खींचतान के बीच लोकतंत्र बना मजाक

हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलने, जजपा के अलग होने और अब निर्दलीय विधायकों के छिटक जाने के पीछे का गणित किसी से छिपा नहीं है। यह सब आम चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले हुआ।

चलते चुनाव में हरियाणा की राज्य सरकार अल्पमत में आ गई। उसकी सबसे बड़ी सहयोगी जननायक जनता पार्टी यानी जजपा तो करीब ढाई महीने पहले ही साथ छोड़ गई थी, इस हफ्ते तीन निर्दलीय विधायक भी हाथ छुड़ा कर अलग खड़े हो गए। इस तरह सरकार अल्पमत में आ गई।

स्वाभाविक ही विपक्षी कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। मगर मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार को फिलहाल कोई खतरा नहीं है। संवैधानिक प्रावधान है कि अगर किसी सरकार ने सदन में बहुमत हासिल किया है, तो वह छह महीने तक काम कर सकती है।

मार्च में जब मनोहरलाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया, तो जजपा ने भाजपा का साथ छोड़ दिया था। तब बहुमत साबित करना पड़ा था। अब जब कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पर नैतिक दबाव बनाना शुरू किया है, तो जजपा भी उसके साथ खड़ी हो गई है। दोनों दलों ने राज्यपाल को चिट्ठी लिख कर मिलने का वक्त मांगा है।

हालांकि इससे उन्हें कोई उल्लेखनीय कामयाबी मिलने की संभावना कम है। इन दोनों दलों की हड़बड़ी और भाजपा की निश्चिंतता की वजहें भी स्पष्ट हैं। दरअसल, सैनी सरकार को बहुमत के लिए केवल एक विधायक की जरूरत है, जो इस महीने होने वाले करनाल विधानसभा उपचुनाव के बाद, संभव है उसे मिल जाए।हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलने, जजपा के अलग होने और अब निर्दलीय विधायकों के छिटक जाने के पीछे का गणित किसी से छिपा नहीं है।


यह सब आम चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले हुआ। किसान आंदोलन के बाद से हरियाणा में लोग सरकार के विरोध में हैं। दूसरी बार जब किसान एक बार फिर से दिल्ली की तरफ बढ़ने लगे थे, तब जिस तरह उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लगातार उन पर आंसू गैस के गोले बरसाए गए और पुलिसिया दमन का सहारा लिया गया, उससे खट्टर सरकार के प्रति नाराजगी और बढ़ गई। जजपा चूंकि सरकार का हिस्सा थी, इसलिए उसके प्रति भी बराबर की नाराजगी देखी गई।

भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर उस नाराजगी को हल्का करने का प्रयास किया, तो जजपा ने भाजपा से अलग होकर। सरकार का साथ दे रहे निर्दलीय विधायक भी उस नाराजगी से बचे नहीं थे। फिर, इसी साल अक्तूबर-नवंबर में वहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में दोनों पार्टियों और निर्दलीय विधायकों ने आम चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव का समीकरण भी साधने का प्रयास किया। मगर वास्तव में उन्हें इसका कितना लाभ मिल पाएगा, कहना मुश्किल है।

अब जब निर्दलीय विधायकों के छिटकने से सरकार कमजोर पड़ गई है, कांग्रेस को वहां अपना जनाधार बढ़ाने का अवसर हाथ लग गया है। चलते आम चुनाव की सरगर्मी में वह इसे भुना लेना चाहती है। अगर तत्काल किसी तरह राज्य में तख्ता पलट संभव हो पाता है, तो न केवल लोकसभा चुनाव, बल्कि विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस का हाथ मजबूत हो सकता है। लगे हाथ जजपा भी अपने ऊपर लगे कुछ दाग धो लेने के फेर में है।


हालांकि वास्तव में बहुमत साबित करने की बात आएगी, तो खुद उसके कितने विधायक साथ खड़े होंगे, वह दावा नहीं कर सकती। मगर यह सारा सियासी खेल जिस ढंग से चल रहा है, उससे एक बार फिर साबित हो गया है कि राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थ में लोकतंत्र को एक तरह से मजाक बना दिया है।

## काकुरो पहेली - 3179




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण:



काकुरो - 3178 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक प्रत्याशी ने अपने परिचित वोटर के घर जाकर कहा, 'भैया, ख्याल रखना, मैं खड़ा हूं.'

वोटर ने कोने में रखी कुर्सी की ओर संकेत करते हुए कहा, 'आप खड़े क्यों हैं, बैंठ जाइए.'

□ □ □

आदमी ने अपनी विवाहिता नवयुवती से बड़े प्यार से कहा, 'अब यह घर तुम्हारा है. हर पल इसे सजाने-संवारने की जिम्मेदारी अब तुम्हारी है.'

नवयुवती पत्नी तुनक उठी, 'तो फिर मैं अपना मेक-अप कब करूँगी?'

□ □ □

आजीवन कुँवारा रहने का फैसला करने और फिर उस पर डटे रहने वाले व्यक्ति ने साक्षात्कार के समय अपने उस फैसले का कारण कुछ इन शब्दों में बयान किया-

'मैं विवाह के लिए तैयार था,बल्कि विवाह का सारा इन्तजाम हो चुका था कि एक दिन मैंने अपने ससुर को अपनी होने वाली सास के हाथ से पिटते हुए देखा और नसीहत ग्रहण कर ली.'

□ □ □

प्रेमिका ने बेरोजगार प्रेमी से बड़े प्रेम से पूछा - तुम निकट भविष्य में क्या बनना पसंद करोगे?

बेरोजगार प्रेमी ने तड़ से जवाब दिया- तुम्हारा पति.

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3179



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3178



## सूडोकु -3179


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3178 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3179



**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुन:,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

शब्द पहेली - 3178 का हल



# नोएडा की दो बड़े कॉमर्शियल आवंटन निरस्त

## ब्रोशर शर्तों का नहीं किया पालन, 1000 करोड़ में दोनों भूखंड का हुआ था आवंटन

नोएडा। शासन ने एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए नोएडा के दो बड़े वाणिज्यिक आवंटन रद्द कर दिए। अनिल कुमार सागर, प्रमुख सचिव उप्र प्रदेश शासन की ओर से आवंटन निरस्तीकरण का एक पत्र नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भेजा गया है।

इसके तहत नोएडा में सेक्टर-94 में लैविश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड संख्या-01 और सेक्टर-72 में स्काई लाइन प्रापकॉन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित भूखंड एमपीसी-1 है। दोनों ही आवंटन को निरस्त कर दिया गया है। बड़ी बात ये है दोनों की मदर कंपनी एक ही है।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा कि अभी ऑर्डर की कापी नहीं आई है। दरअसल शासन ने 28 फरवरी 2024 को नोएडा के एक शिकायत कर्ता ने साफ लिखा था कि दोनों वाणिज्यिक कंपनियों को ई टेंडर योजना के तहत भूखंड का आवंटन किया गया।

आवंटन के दौरान प्राधिकरण के ई ब्रोशर में वर्णित नियमों व शर्तों का उल्लंघन किया गया। जिसकी शिकायत की गई। दोनों भूखंड के आवंटन की




प्रक्रिया 1 सितंबर 2022 को शुरू की गई थी। इस शिकायत पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 4 अप्रैल 2024 को रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसी को आधार बनाते हुए शासन ने दोनों भूखंड निरस्त कर दिए। शिकायत कर्ता ने बताया- यदि कोई कंपनी किसी सहायक कंपनी के माध्यम से आवेदन करना चाहती है, तो सहायक कंपनी को ही बोली दाता माना जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस मामले में आवेदक एक सहायक कंपनी है, इसे बीडिंग प्रक्रिया की न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

इसके तहत सहायक कंपनी को सॉल्वेंसी और टर्नओवर बताना होगा। यदि ई-बोली दाता/कंसोर्शियम सदस्य है उस स्थिति में होल्डिंग कंपनी और सहायक कंपनी दोनों की योग्यताएं केवल उस मामले पर विचार किया जाएगा जहां होल्डिंग कंपनी के पास सहायक कंपनियों के 100 प्रतिशत इक्विटी शेयर हो।

### सीएजी के कहने पर भी नहीं किया ब्रोशर में बदलाव

प्राधिकरण में सीएजी ऑडिट के सीएजी ने आवंटन नीति में ज़रुरी बदलाव करने को कहा गया। बदलाव करने के लिए सीएजी ने 16 सितंबर 2021 को प्राधिकरण के लिखा। इसके एक साल बाद यानी 1 सितंबर 2022 को प्राधिकरण ने आवंटन योजना को प्रकाशित कराया।

लेकिन प्राधिकरण द्वारा सीएजी के बताए गए बदलाव को ब्रोशर में संशोधित नहीं कराया गया। इस प्रकरण में सब्सिडियरी कंपनी ने अकेले आवेदन किया। इसलिए उसे सभी शर्तों का पालन करना चाहिए था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

### महज पांच लाख ज्यादा बोली लगाकर आवंटन किया हासिल

उक्त प्रकरण में दोनों वाणिज्यिक भूखंड सिंगल बिड के आधार पर आवंटित किए गए। दोनों ही प्रकरण में रिजर्व प्राइज भूखंड संख्या-1 सेक्टर-94 में 827.25 करोड़ और भूखंड संख्या एमपीसी-01 सेक्टर-72 में 176.48 करोड़ था।

दोनों ही भूखंड पर महज 5 लाख ज्यादा बोली लगाकर कोट किया गया। हालांकि प्राधिकरण के पास निविदा की तिथि को दो बार बढ़ाने के बाद सिंगल बिड पर विचार करने का प्राविधान है। लेकिन निविदा का लक्ष्य कंपटेटिव रेट प्राप्त करने का है। यहां ऐसा नहीं हुआ।

### दोनों कंपनियों की मदर कंपनी एक ही निकली

दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि महज 5 लाख रुपए की बिड वाले सिंगल टेंडर पर विचार कर एच-1 की निविदा को स्वीकृत किया गया। एच-1 के रूप में चयनित दोनों सब्सिडियरी कंपनियों की होल्डिंग कंपनी एक ही है। वह एम3एम प्राइवेट लिमिटेड है।

यानी एच-1 बिडर के रूप में चयनित दोनों कंपनियां एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत सब्सिडियरी कंपनियां है। जाहिर दोनों भूखंड एक ही कंपनी को नॉन कंप्टेटिव दरों पर आवंटित कर दी गई।

# नोएडा के फेज-1 में कूड़े के ढेर में लगी आग

## फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों ने आधे घंटे में पाया काबू

नोएडा। नोएडा के थाना फेज-1 क्षेत्र में शनिवार दोपहर में कूड़े के ढेर में आग लग गई। धुंआ उठते देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग जलती हुई बीड़ी फेंकने से हुई थी।

### आग लगते देख लोगों ने आस पास खड़ी गाड़ियों को हटाया

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग बिजली घर के पास कबाड़ और कूड़े में लगी थी। यहां काफी खराब गाड़ी थी। जिसकी वजह से आग बढ़ गई।

धुंआ कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। मौके पर मौजूद लोगों ने आग की सूचना दमकल और स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर एक-एक करके दमकल की तीन गाड़ियां



पहुंची। जिन्होंने आग पर काबू पाया। इससे पहले स्थानीय लोगों की मदद से आग की जद में आने वाले सभी ई रिक्शा और कबाड़ को हटाया गया। ताकि बिजली ऑफिस तक आग न पहुंचे। इसके बाद पानी की बौछार की गई।

गर्मी बढ़ने से आग की घटनाएं बढ़ रही है। इसलिए घरों में ऐसी और अन्य इलेक्ट्रानिक सामान की जांच कराए। ताकि आग के इन कारणों से बचा जा सके।

साथ ही कोई भी जलती हुई चीज कबाड़ या अन्य स्थान पर न फेंके जिससे आग लगने की संभावना हो।

# 15 हजार करोड़ घोटाले की जांच नोएडा पुलिस ही करेगी

## शासन ने निरस्त किया ईओडब्ल्यू जांच ट्रांसफर का आदेश

एजेंसी

नोएडा। 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक के जीएसटी फर्जीवाड़े की जांच नोएडा सेक्टर-20 पुलिस ही करेगी। शासन ने जीएसटी फर्जीवाड़े के तहत दर्ज 3 केस की आर्थिक अपराध शाखा मेरठ को जांच ट्रांसफर किए जाने वाले आदेश को शुक्रवार को निरस्त कर दिया है। इसकी पुष्टि कमिश्नरेट के अधिकारियों ने की है।

इस फर्जीवाड़े में कई अरब पति कारोबारी समेत 41 आरोपी अब तक गिरफ्तार हो चुके है। किसी भी आरोपी को अब तक जमानत नहीं मिली है।

फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर सरकार को कई हजार करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह का पर्दाफाश सेक्टर-20 पुलिस ने जून 2023 में किया था। सेक्टर-20 पुलिस ही मामले की जांच कर रही थी।

इस प्रकरण के आरोपी दिल्ली के अरब पति कारोबारी संजय ढिंगरा ने जांच गौतमबुद्धनगर जिले के थाना सेक्टर-20 से ट्रांसफर कराकर आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से कराने के आदेश 18 अप्रैल को करवा लिए थे।

### जांच के आदेश नोएडा पुलिस को मिलते, इससे पहले की गिरफ्तारी

इससे पहले जांच के आदेश नोएडा पहुंच पाते थाना सेक्टर-20 पुलिस व सीआरटी टीम ने संजय और उसके आरोपी परिवार की धरपकड़ शुरू की और उसे मई माह के शुरुआत में ही पत्नी व बेटे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वहीं जांच ट्रांसफर कराए जाने की भनक लगते ही इस प्रकरण का वादी भी इसको चुनौती देने के लिए हाईकोर्ट इलाहाबाद पहुंच गया। तीनों की गिरफ्तारी के बाद नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने भी इस प्रकरण से शासन व पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया था।

आरोपी के कहने पर जांच ट्रांसफर किए जाने की बात सामने आते ही शासन प्रशासन में इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई। अब शासन के गृह गोपन विभाग के अनु सचिव ने ईओडब्ल्यू के एडीजी को जांच ट्रांसफर संबंधी 18 मई का आदेश निरस्त किए जाने की जानकारी देते हुए इस प्रकरण में सुनिश्चित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

# नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली से नई कनेक्टिविटी

## एनएचएआई जल्द करेगा दोबारा सर्वे, 32 किमी होगा एक्सप्रेस वे, दिल्ली, हरियाणा के लोगों को फायदा

नोएडा। नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे समानांतर नया एक्सप्रेस वे बनाया जाना है। इसका 28 किमी का हिस्सा नोएडा में होगा और 4 किमी का लिंक बनाकर इसे नोएडा एयरपोर्ट से कनेक्ट किया जाएगा। इस एक्सप्रेस वे को बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने एनएचएआई को पत्र लिखा था। उसने ये कहकर मना किया था कि हम सिर्फ नेशनल हाइवे बनाते है न की एक्सप्रेस वे। हालांकि प्राधिकरण ने दोबारा से एनएचआई को पत्र लिखा। जिसके बाद एनएचएआई दोबारा से इस रोड का सर्वे करेगी। बताएगी कि वो इसका निर्माण करेगी या नोएडा प्राधिकरण। सामरिक दृष्टि से नया एक्सप्रेस वे दिल्ली, हरियाणा और यूपी के कई शहरों के लिए फायदा पहुंचाएगा। वर्तमान में नोएडा एक्सप्रेस वे पर रोजाना करीब 10 से 15 लाख वाहन चलते है। ये इसकी क्षमता से कही ज्यादा है। इसलिए नया एक्सप्रेस बनाने पर विचार किया गया। इसकी फिजिबिलिटी तैयार की जा रही है। ये एक्सप्रेस वे दिल्ली कालिंदी कुंज के पास मुंबई बड़ौदा एक्सप्रेस से जोड़ने का प्लान है।

इसके बनने से हरियाणा के फरीदाबाद, बल्लभगढ़, दिल्ली के बदरपुर, नेहरु प्लेस और नोएडा का अधिकतर ट्रैफिक जो मौजूदा एक्सप्रेस




वे का प्रयोग करते है। वो सीधे नए एक्सप्रेस के जरिए यमुना एक्सप्रेस से आगरा, अलीगढ़, मथुरा, नोएडा एयरपोर्ट और लखनऊ तक आ जा सकेंगे। उनको जाम का सामना नहीं करना होगा। इसलिए इस एक्सप्रेस वे की फिजिबिलिटी और जरूरत ज्यादा है।

### प्राधिकरण के पास इसे बनवाने के दो ऑप्शन

इस एक्सप्रेस वे को बनवाने के लिए प्राधिकरण के पास दो ऑप्शन है। पहला एनएचएआई इसे बनाए। जिसमें एनएचएआई को प्राधिकरण जमीन देगी और बाकी निर्माण लागत का व्यय एनएचएआई करेगा। दूसरा ऑप्शन बिल्ट आपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) हो सकता है। जिसमें प्राधिकरण किसी बड़ी कंपनी को निर्माण के लिए कांट्रैक्ट दे। निर्माण के बाद कंपनी एक्सप्रेस वे पर टोल और विज्ञापन के जरिए खर्चा निकाले और इसके बाद प्राधिकरण को हैंड ओवर करे। हालांकि पहले ऑप्शन पर प्राधिकरण विचार कर रहा है।

इसलिए दोबारा से एनएचएआई को ही पत्र लिखा गया। बता दे इस प्रोजेक्ट को बनाने में करीब 2 से 2.5 हजार करोड़ रुपए का खर्चा होगा। इतना पैसे के लिए सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट दोनों को ही लागत वहन करनी होगी। क्योंकि मौजूदा समय में प्राधिकरण इतनी बड़ी रकम प्रोजेक्ट पर खर्च करने में असमर्थ है। इसकी वजह प्राधिकरण के पास आय के साधन समाप्त होना है।

### एक्सप्रेस वे नहीं बनाकर एलिवेटड और पुश्ता रोड को कर सकते है ठीक

यातायात को बेहतर और नोएडा एयरपोर्ट से सीधे लिंक के लिए एक्सप्रेस वे बेस्ट ऑप्शन है। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण यहां दो और विकल्प पर फिजिबिलिटी तैयार करवा रहा है। पहला करीब 19 किमी लंबी पुश्ता रोड को ठीक कराया जाए। इसके लिए सिंचाई विभाग से बातचीत की जा रही है। ये रोड 4 लेन की है। 19 किमी के बाद 11 किमी का पैच बनाकर इसे यमुना एक्सप्रेस वे जोड़ा। ये विकल्प सस्ता है और प्राधिकरण इस पर काम कर सकता है।

दूसरा एक्सप्रेस वे के ऊपर एलिवेटड ट्रैक बनाया जाए। ये काफी खर्चे वाला ऑप्शन है। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण में एक बार प्रस्तुतीकरण भी हो चुका है। बहरहाल एनएचएआई के निरीक्षण के बाद ही ये तय होगा कि एक्सप्रेस वे समानांतर नोएडा एयरपोर्ट को लिंक करने के लिए कौन सा विकल्प सही होगा।

### एक्सप्रेस वे से भार होगा काम नोएडा एयरपोर्ट को मिलेगा नया लिंक

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। व्यस्त समय में वाहन कतार लगकर चलते हैं। वाहनों के बीच गेप काफी कम रहता है। अब इस साल नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने से वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए ये एक्सप्रेस वे काफी फायदेमंद होगा। साथ लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# ग्रेटर नोएडा में जीजा-साली ने किया सुसाइड

## दोनों ने जहर खाया, मथुरा से आए थे दोनों; किराए के कमरे में रह रहे थे

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के हबीबपुर गांव में किराए पर रहने वाले एक जीजा और उसकी नाबालिग साली ने बीती रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम



के लिये भेज दिया है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी ने बताया कि हबीबपुर गांव के पानी की टंकी के पास टावर वाली गली में किराए पर रह रहे मथुरा निवासी धर्मेंद्र (24) और उसके साथ रहने वाली नाबालिग लड़की ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया है। मकान मालिक ने दोनों को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई है।

### पुलिस मामले की जांच कर रही

मकान मालिक ने बताया कि कल ही यह दोनों किराये पर आये थे। पुलिस द्वारा लड़की के परिजनों से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों रिश्ते में जीजा और साली लगते हैं। लड़के के परिजनों को भी सूचित किया गया है।

पुलिस के अनुसार जीजा अपनी नाबालिग साली को बहला फुसलाकर मथुरा से ग्रेटर नोएडा लेकर आया था। दोनों के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्रों ने बिजली वितरण की जानकारी ली

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के बीटेक इलेक्ट्रिकल के 40 छात्रों और प्रोफेसर ने बिजली वितरण के संबंध में व्यावहारिक जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों की व्यावहारिक समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। विश्वविद्यालय के छात्रों और प्रोफेसर की टीम शनिवार को नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के सेक्टर पी-5 स्थित कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण लेने पहुंचे। यहां एनपीसीएल की सेफ्टी टीम ने छात्रों को बिजली वितरण से संबंधित सभी जानकारियां दीं। उन्हें बताया गया कि कैसे बिजली वितरण कंपनी विद्युत सबस्टेशनों से उपभोक्ताओं के घरों तक बिजली पहुंचाती है। एनपीसीएल के महाप्रबंधक (ऑपरेशंस) एसएन गांगुली ने बताया कि छात्रों को व्यावहारिक जानकारी देने के लिए समय- समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ किया प्रदर्शन

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी में शनिवार को सैकड़ो निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ मोर्चा खोला और ऑफिस घेराव करते हुए प्रदर्शन किया।

श्रीराधा स्काई गार्डन सोसाइटी के निवासियों ने कहा कि सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। जिसकी मांग एवं शिकायत निवासी पिछले करीब 5-6 साल से करते आ रहे हैं। बिल्डर ने मांगों को पूरा किया है।

उन्होंने बताया कि करीब 8-10 सालों से सोसाइटी में लोग रह है उसके बावजूद सोसाइटी में फायर फाइटिंग इक्यिपमेंट्स नही है। पूरे बेसमैंट में सीपेज एवं लीकेज है, जिससे सोसाइटी के टावर कमजोर होते जा रहे है। वही स्विमिंग पूल भी चालू नहीं है और ना ही क्लब हाउस पूरा बनाया है। सिक्योरिटी एवं हाउस कीपिंग स्टाफ भी आधा कर दिया गया है।

फ्लैट मालिकों को फ्लैट खरीदने के बाद एनओसी मिलने के बाद भी offer of possession की तारीख से कैम चार्ज का नाजायज बकाया डिमांड चार्ज किए जा रहे हैं। जबकि निवासियों का कहना है कि कैम चार्ज फ्लैट हैंड-ओवर की तारीख से होना चाहिए।

उसके पहले से नहीं लेकिन फिर भी बिल्डर की यही चालू है और भी बहुत सारी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

# नहर में मिला युवती का शव जांच मे जुटी पुलिस

ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर क्षेत्र के दयानतपुर गांव के पास नहर में एक 20 वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव देखने में एक दो सप्ताह पुराना लग रहा है। बता दे की शुक्रवार की शाम को दयानतपुर गांव के पास नहर में एक 20 वर्षीय अज्ञात युवती का शव तैरता मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दादरी में बचपन ब्रेन स्कूल में वार्षिक उत्सव में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया

ग्रेटर नोएडा । दादरी में पुराना कठहेरा रोड़ पर नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बचपन ब्रेन स्कूल में बच्चो को किया गया सम्मानित (बचपन ब्रेन स्कूल) के संस्थापक सैय्यद तुफैल अहमद एवम बचपन ब्रेन स्कूल के प्रिंसिपल डॉ अशरफ़ रहमान ने किया 2023- 24 के सुपर 65 बच्चो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। सुपर 65 में प्राइमरी विंग में प्रथम स्थान आने पर रिहान सैरिल को साईकिल देकर पुरस्कृत किया गया।

जबकि जूनियर विंग में प्रथम स्थान आने पर जूबी आलम को 5100 से पुरुस्कृत किया गया। इनके अलावा बाकी सभी बच्चो को ट्रॉफी एवम मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि हकीम






मोहम्मद अज़हर खान, नईम मेवाती पूर्व पार्षद, डॉक्टर नफीस उर रहमान, विशिष्ट अतिथि अनीस अहमद पूर्व पार्षद, इकलाख अब्बासी, इस्लामुद्दीन, रिजवान मेवाती, सलीम आलम, मोबिन अंसारी, सद्दाम सैफी, नावेद हुसैन, अजीम अहमद एवम सभी अध्यापक ,अध्यापिकाएं व अभिभावको की गरिमामय मौजूदगी रही।

# शार्ट न्यूज

## शादी के आठ महीने बाद पत्नी ने किया सुसाइड

ग्रेटर नोएडा। थाना रबूपुरा क्षेत्र में रहने वाली एक 22 वर्षीय महिला ने पंखे से लटक कर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सानिया (22 वर्ष) पत्नी जाहिद निवासी कस्बा रबूपुरा ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतका के मायके वालों को घटना की सूचना दी दी गई। महिला की आठ माह पूर्व शादी हुई थी। मृतिका के पिता तौहिद ने उसके पति जाहिद, सास खिलो, ससुर नन्नू खान, देवर आरिफ, असरफ, जावेद और फकरुन को नामित करते हुए उसके ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कुछ लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## पुलिस ने विधायक अमानतुल्लाह के घर दी दबिश, ताला लटका देख नोटिस चस्पा किया

नोएडा। नोएडा में पुलिस शनिवार को आप (आम आदमी पार्टी) के विधायक अमानतुल्लाह खान के बाटला हाउस स्थित घर पहुंची। वहां पर ताला लटका मिला। जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के बाहर ही नोटिस चस्पा कर दिया। उसके बाद पुलिस लौट आई। पुलिस के मुताबिक दिल्ली की ओखला सीट से आप विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके पुत्र समेत अन्य लोगों के खिलाफ सात मई को कोतवाली फेज-वन में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह के फिलिंग स्टेशन पर मंगलवार सुबह विधायक का बेटा अनस अपनी कार लेकर पहुंचा। उसने लाइन में न लगकर बोला कि आगे वाली गाड़ी को आगे बढ़ाकर मेरे गाड़ी में पहले तेल भर दो। इस पर सेल्समैन ने कहा कि आप लाइन में हैं अभी आपकी गाड़ी में तेल भर जाएगा। इसी दौरान अनस और उसकी कार में बैठे अन्य लड़कों ने मारपीट की। इसके बाद अमानतुल्लाह खान खुद पहुंचे और मैनेजर को धमकाया। विधायक पुत्र के मारपीट करने और विधायक के धमकी देने का वीडियो उसी दिन दोपहर में सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने पेट्रोल पंप के संचालक की शिकायत पर विधायक, उनके बेटे और कई अन्य अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया।

## छत गिरने से मासूम बच्ची की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सुदामापुरी में शुक्रवार रात आंधी की वजह से एक हादसा हो गया। मकान की छत गिर गई। मलबे में दबकर 4 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि मासूम भाई सहित मां-बाप घायल हो गए। तेज आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़े और सभी को मलबे से बाहर निकाला। अस्पताल में बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। आंधी के चलते गाजियाबाद में देर रात कई जगहों पर पेड़, बिजली के खंभे और यूनिपोल टूट गए। सुबह से ही नगर निगम, पॉवर कॉरपोरेशन के कर्मचारी इन्हें दुरुस्त करने में जुट गए। रितेश कुमार सिंह ने बताया, वसुंधरा सेक्टर 5 में शुक्रवार रात्रि 9 बजे से अब तक बिजली नहीं आई है। रात में गर्मी की वजह से पूरा परिवार सो नहीं पाया। अब इनवर्टर भी जवाब दे गया है। अब पानी सप्लाई पर भी पॉवर कट का असर दिख रहा है। भूपेंद्र सिंह रावत ने बताया, वसुंधरा के कुछ क्षेत्र में शुक्रवार रात से लाइट नहीं है। लोगों के इनवर्टर भी बंद हो गए हैं। लाइट न होने की वजह से लोग पानी भी नहीं भर पा रहे हैं। लाइट कब तक आएगी, अभी तक कोई जानकारी नहीं है। प्रशांत कुमार के मुताबिक, एसएलएफ वेदविहार लोनी क्षेत्र में भी कल रात से पॉवर कट है। सूर्यनगर, सिद्धार्थ विहार सहित कई इलाकों में भी बिजली की दिक्कत रात से बनी हुई है।

## स्मैकिये थे टाटा स्टील्स बिजनेस हेड के हत्यारोपी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में टाटा स्टील्स प्रवेश के नेशनल बिजनेस हेड विवेक त्यागी की लूट के बाद हत्या करने वाला एक बदमाश दक्ष उर्फ अक्की 10 मई की तड़के पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसके दो साथी जिंदा पकड़े गए हैं। चौथे बदमाश की तलाश जारी है। चारों बदमाश स्मैक पीने के आदी थे। अपने इसी शौक को पूरा करने के लिए ये हर दूसरे-तीसरे दिन रात के वक्त सड़कों पर निकलते थे। राह चलते लोगों को लूटते थे। महज 20 साल के अक्की को हुक्का बार की लत ने नशे का आदी बनाया। फिर वो अपराध की दुनिया में कूद गया। अक्की सबको यही बताता था कि वो अनाथ है और उसको एक किन्नर ने पाला है। लेकिन, एनकाउंटर में गोली लगने के बाद मरने से ठीक पहले उसने पुलिस को सब कुछ सच बताया। जिसके बाद पुलिस को अक्की के परिवार के बारे में जानकारी हासिल हो पाई। एडिशनल पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार पी. ने बताया, मुठभेड़ में मरने वाले बदमाश दक्ष उर्फ अक्की की उम्र सिर्फ 20 साल थी। वो मूल रूप से जिला मैनपुरी में किशनी क्षेत्र के गांव हरी सिंहपुर का रहने वाला था। परिवार में छोटा भाई अक्षय पढ़ाई कर रहा है। पिता सतेंद्र मजदूरी करते हैं। दक्ष ने गांव से ही हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की। करीब 2 साल पहले नौकरी की तलाश में वो दिल्ली आ गया। यहां एक हुक्का बार में नौकरी की। इसी दौरान उसको नशे की लत लग गई।

## मां-बहन की गाली देने पर की दोस्त की हत्या

मोदीनगर। मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव सैदपुर में डंडे से पीट पीटकर की गई युवक सचिव की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शराब पीने के दौरान गाली देने से नाराज होकर दोस्त ने ही डंडे से सिर पर वार कर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। गांव सैदपुर निवासी सचिव(28) अकेला रहता था। गुरुवार शाम को जब छोटा भाई सचिन गांव सैदपुर पहुंचा तो घर पर कोई नहीं मिला। जब अपने भाई को तलाशता हुआ घर पहुंचा और यह देखकर हक्का बक्का रह गया कि वह लहूलुहान हालात में चारपाई पर पड़ा हुआ है। सचिन तुरन्त सचिव को स्थानीय अस्पताल ले गया ,जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। सचिन कुमार ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीम बनाई गई। उन्होंने बताया कि जब गांव में कुछ लोगों से पूछताछ की तो पता चला गांव निवासी दोस्त नकुल कुमार सचिव के साथ देखा गया था। पुलिस ने तुरन्त दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया। पहले तो वह पुलिस को गुमराह करता है,लेकिन थोड़ी देकर में सबकुछ उगल दिया। आरोपी नकुल ने बताया कि गुरुवार शाम को सचिव के साथ बैठकर कई युवक शराब पी रहे थे। चार पांच युवक तो चले गए ,लेकिन नकुल रह गया। और शराब मांगने के लिए सचिव व नकुल के बीच कहासुनी हो गई।

## मस्जिद में मौलाना ने छात्रा से किया रेप

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मस्जिद के मौलाना ने एक युवती से कई बार रेप किया। मामला करीब दो साल पुराना है, लेकिन अब वीडियो वायरल होने पर ये केस खुला। गाजियाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को आरोपी पूर्व मौलाना को लोनी से गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया, थाना मसूरी पर शनिवार को एक सूचना प्राप्त हुई। इसके अनुसार, दो साल पहले गढ़ी वाली मस्जिद के मौलाना जब्बार ने 20 साल की लड़की से रेप किया और उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लड़की को ब्लैकमेल किया। उसी दौरान करीब पांच-सात बार लड़की से रेप किया। लड़की ने वीडियो वायरल होने के डर की वजह से ये बात किसी को नहीं बताई। इस लड़की को परिवार वालों ने मस्जिद में पढ़ने के लिए भेजा था। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर आरोपी जब्बार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया, आरोपी जब्बार मूल रूप से मेरठ में सरधना इलाके का रहने वाला है और फिलहाल गाजियाबाद के लोनी इलाके में रह रहा था। दो साल पहले हुई इस घटना के कुछ दिनों बाद ही जब्बार इस मस्जिद से चला गया था। आरोपी के मोबाइल से पुलिस को लड़की से रेप की क्लिप मिली है, जो करीब ढाई मिनट की है। बताया जा रहा है कि अब ये क्लिप कई लोगों के मोबाइल तक पहुंच गई थी। जिसके बाद लड़की के परिजनों को इस घटनाक्रम की जानकारी हो पाई।

# इटावा में युवक ने पत्नी की गला काटकर की हत्या

## फिर खुद खा लिया जहर, पति का बाग में और पत्नी का घर के आंगन में मिला शव

इटावा। इटावा में युवक ने पत्नी की बांके से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन उठे तो घर के आंगन में पत्नी का शव खून से लथपथ और पति का शव घर के पास खेत में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना थाना बसरेहर क्षेत्र के लोकनाथपुर की है।



घटना की सूचना मिलने के बाद मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सैफई सीओ गौतम, बसरेहर थाना प्रभारी सनत कुमार फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक टीम घटना की जांच कर सैंपल जुटा रही है।

लोकनाथपुर में हत्यारोपी बृजेश (42) अपने परिवार के साथ रहता था। पत्नी सीमा (38) लोकनाथपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता थी। पति बृजेश खेती किसानी का काम करता था।

### पति-पत्नी के बीच होती थी लड़ाई

बृजेश की मां राम बेटी ने बताया कि घर में पति-पत्नी के बीच लड़ाई झगड़ा होता रहता था। लेकिन कल रात में कोई लड़ाई नहीं हुई। बड़ी बेटी सौम्या ने बताया कि मम्मी और पापा के बीच कुछ विवाद होता रहता था। लेकिन ऐसा नहीं पता था कि वह ऐसी घटना कर देंगे।

आशंका है कि रात 12 और 1 बजे के बीच ब्रजेश ने घर के भीतर बांका से काट कर पत्नी सीमा (38) की हत्या कर दी ओर उसके बाद घर से करीब 100 मीटर दूर आम के बैग में जाकर जहर खाकर के खुद भी जान दे दिया। तड़के गांव वालों ने बृजेश के शव को बाग में पड़ा देखे तो मामला प्रकाश में आया। बृजेश के तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी गौरी (18), ईशू (15) और सबसे छोटा 12 साल का बेटा दीपांशु है।

### पति-पत्नी के बीच विवाद था

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच के बाद पता चला कि पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। जिस कारण पति ने पत्नी की बांका से काटकर हत्या कर दी है और खुद भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घर के भीतर रखा बांका नहीं बरामद हुआ है। जिसको पुलिस खोजने की कोशिश में जुटी हुई है।

## बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे अस्पताल

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। जिले के तहसील लहरपुर क्षेत्र के तहसील मुख्यालय के विभिन्न मोहल्लों में अवैध हॉस्पिटल संचालित किए जा रहे है अवैध रूप से संचालित इन अस्पतालों द्वारा मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करना आम बात हो गई है। एक नहीं ऐसे कई अस्पताल हैं जिनमे इलाज के दौरान व इलाज के बाद भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है लेकिन इस विषय पर स्वास्थ विभाग के अधिकारियों की नजर जाती ही नहीं है , ऐसे अस्पतालों के ना तो लाइसेंस है और ना ही रजिस्ट्रेशन लेकिन उसके बाद भी मेन रोड पर अनगिनत अवैध अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। किसी के द्वारा इस संदर्भ में कोई प्रश्न पूंछ लिया जाए तो अस्पतालों को संचालित करने वाले संचालकों द्वारा उन्हें धमकाया जाता है। ऐसा ही मामला लहरपुर में संचालित एपेक्स हॉस्पिटल का है जो चर्चा में बना रहता है विगत दिनों में वहां कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन मजे की बात ये है की अधिकारियों की आंखे बंद है ,कोई पूछने वाला नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी पर जब सोमवार शाम एपेक्स हॉस्पिटल के डा. सलाम से बात की गई तो उन्होंने सही उत्तर न देते हुए उल्टे धमकी दे डाली और कहा मैं आपके ऊपर मुकदमा पंजीकृत करवा दूंगा । इस संदर्भ में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। अब प्रश्न यह बनता है कि किसकी शह पाकर यह अवैध अस्पताल संचालित किए जा रहे है । इनका जिम्मेदार कौन है ? आखिर इनके हौसले कौन बढ़ा रहा है किसके दम से अवैध अस्पताल संचालित किए जा रहे है। इस सम्बन्ध में लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डा. आनंद मित्रा से तीन दिन से बराबर सम्पर्क करने के बाद जब बात हुई लेकिन वह संतोषजनक उत्तर नही दे रहे हैं।

# कौशांबी में एसटीएफ ने लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

कौशांबी। कौशांबी में एसटीएफ ने कोखराज के सकाड़ा मोड से आलू कारोबारी से लूट के आरोपी विधायक उर्फ बिरजू को गिरफ्तार किया है। गुजरात के पीड़ित कारोबारी ने कोखराज पुलिस को तहरीर देकर कार को रोककर रुपए लूटने का आरोप लगाया था। लूट के मुकदमे में पुलिस ने जौनपुर के जफराबाद के विधायक उर्फ बिरजू उर्फ बृजेश का नाम सामने लाई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 50 हज़ार रुपए का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ़ ने मुखबिर की सूचना पर सकाड़ा मोड़ से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने आरोपी को कोखराज पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने लिखा पढ़ी कर आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। यूपी एसटीएफ शनिवार भोर कोखराज थाना क्षेत्र मे अपराधियों की तलाश में थी। मुखबिर ने एक बदमाश विधायक उर्फ बिरजू जौनपुर के बारे मे जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने आरोपी को हिरासत में लिया। एसटीएफ ने विधायक उर्फ बिरजू को थाना कोखराज मे लाकर पूछताछ की। बदमाश ने लूट के गुनाह को कबूल किया। आरोपी बदमाश की अपराध कुंडली थाना पुलिस ने तलाश की। जिसमें बदमाश पर जनपद पुलिस ने 50 हज़ार का इनाम 2 साल से गिरफ्तारी न होने के चलते घोषित था।

एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि एसटीएफ और कोखराज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 2 साल पुराने लूट के मुकदमे में बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

## आगरा में नशा मुक्ति केंद्र पर युवक की मौत

**आगरा।** आगरा के सिकंदरा क्षेत्र में नशा मुक्ति केंद्र पर एक युवक की मौत हो गई। केंद्र के कर्मचारी युवक के शव को छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक को पीटा गया है। पीटकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सिकंदरा के बजरंग नगर में आत्मविज्ञान नशा मुक्ति केंद्र है। यहां मथुरा थाना रिफाइनरी क्षेत्र के गांव बाही निवासी 25 वर्षीय प्रशांत को 22 मार्च 2024 को भर्ती किया गया था। शनिवार सुबह प्रशांत के परिजनों को सूचना दी गई कि प्रशांत की मौत हो गई है। जब परिजन केंद्र पहुंचे तो जानकारी मिली कि नशा मुक्ति केंद्र का संचालक राजेंद्र शव को प्रभा अस्पताल में छोड़ कर फरार हो गया है। परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

# फिरोजाबाद में हादसे में ईओ समेत दो की मौत

## सड़क पार कर रहा था साइकिल सवार किशोर, टक्कर मारने के बाद पोल से टकराई कार

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद जिला मुख्यालय पर आयोजित मीटिंग में भाग लेने के लिए जा रहे ईओ की कार साइकिल से सड़क पार कर रहे बालक से टकरा गई। हादसे में दोनों की मौत हो गई। कार साइकिल से टकराने के बाद पोल से जा टकराई। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मक्खनपुर नगर पंचायत में शोक की लहर है।

मक्खनपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमर बहादुर शनिवार दोपहर को अपनी कार से जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए जा रहे थे। अभी वह मक्खनपुर के बिल्टीगढ़ के पास पहुंचे थे कि तभी साइकिल से आ रहे 15 वर्षीय अंकित राठौर पुत्र अमरपाल राठौर ने सड़क पार करने के लिए साइकिल दौड़ा दी।



### नगर पंचायत में शोक की लहर

तेज रफ्तार आ रही ईओ की कार साइकिल से टकराने के बाद पोल से टकरा गई।

इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ईओ की मौत की खबर सुन नगर पंचायत में शोक की लहर छा गई। वहीं, मृत बालक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर मक्खनपुर का कहना है कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

# धर्म परिवर्तन-हत्या मामला : बरेली और शाहजहांपुर पुलिस के खिलाफ जांच के आदेश

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक किशोरी के धर्म परिवर्तन, दुष्कर्म और हत्या के मामले में लापरवाही बरतने पर शाहजहांपुर जिले में कटरा थाना और बरेली में फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारियों के खिलाफ बरेली जोन पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) डॉ. राकेश सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। बरेली जिला में फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र से लापता छात्रा का शव बुधवार सुबह बरेली- शाहजहांपुर जिला सीमा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला था। आरोप है कि किशोरी के माता-पिता ने थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस को जानकारी दी थी। इंस्पेक्टर ने मौके पर चौकी प्रभारी को भेज दिया था। पांच घंटे बाद शाहजहांपुर जिला मीरानपुर कटरा पुलिस आई तो इंस्पेक्टर थाना फतेहगंज पूर्वी ने चौकी प्रभारी को भी बुला लिया ।इसके बाद सीमा विवाद की स्थिति बनी रही। फिर भी शाहजहांपुर की मीरानपुर कटरा पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद छात्रा के परिजन शव को थाना फतेहगंज पूर्वी शाम सात बजे थाने ले आए। इंस्पेक्टर अपने आवास से नहीं निकले। इसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने हंगामा किया। जानकारी मिलने पर रात नौ क्षेत्राधिकार फरीदपुर मौके पर पहुंचे। इसके बाद इंस्पेक्टर थाने से निकले।

आईजी ने बताया कि उन्हें जानकारी दी गई है कि फतेहगंज पूर्वी इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी ने कई बार तहरीर बदलवाई पर रिपोर्ट नहीं लिखी। रात दो बजे एसपी उत्तरी मानुष पारीख ने खुद बैठकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद रात में ही आरोपी फरियाद को हिरासत में ले लिया गया था।

आईजी बरेली श्री सिंह ने बताया कि फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारी पर कार्रवाई में देरी और सीमा विवाद की स्थिति बनने के आरोप लगे हैं। उनकी भूमिका की जांच एसपी दक्षिणी बरेली को दी गई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

आईजी सिंह ने बताया शाहजहांपुर जिला थाना कटरा पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया। इस दौरान दुष्कर्म की आशंका में स्लाइड बनवाने की बात को नजरंदाज कर दिया। शाहजहांपुर के डाक्टर ने भी पंचनामा आधार पर पोस्टमार्टम कर दिया। ऐसे में कटरा पुलिस की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर एसपी को आदेश दिए हैं कि वह कटरा पुलिस की घोर लापरवाही के खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें।

## आगरा में घर से पकड़ा 200 किलो अवैध मांस

आगरा। आगरा में हिंदूवादी संगठन की सूचना पर पुलिस ने शाहगंज क्षेत्र के एक घर से 200 किलो अवैध मांस बरामद किया। मांस गोवंश हो सकता है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। हिंदूवागी संगठन द्वारा तहरीर दी गई है। पुलिस मांस की जांच कराएगी। बजरंग वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह गिल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सराय ख्वाजा पुल के पास एफसीआई के गोदाम के पास एक घर में कई किलो अवैध मांस है। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने छापा मारा। पुलिस के पहुंचते ही घर में मौजूद महिलाओं ने मांस को फेंकना शुरू कर दिया। पुरुष और युवक भागने लगे। पुलिस ने घर में रखा डीप फ्रिज चेक किया, जिसमें मांस रखा हुआ था। इसके अलावा प्लास्टिक के बड़े-बड़े बैग्स में भी मांस रखा हुआ था।

# चंदौली में भाई-बहन का फंदे से लटकता शव मिला

मुगलसराय, चंदौली। चंदौली के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मकान में भाई और बहन का फांसी के फंदे से लटकता शव मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर दोनों शव को नीचे उतरवाया।

साक्ष्य एकत्रित कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार जंगी साव गुप्ता के तीन पुत्रों में से दो पुत्र कमलेश गुप्ता उर्फ राजू गुप्ता (45), दीपू गुप्ता व उनकी बहन अंजू गुप्ता उर्फ गुड़िया (48) जायसवाल स्कूल के पीछे अपने मकान में रहते थे। तीसरा भाई अपने परिवार के साथ कैथापुर में रहता है। वहीं माता-पिता की तकरीबन 8 वर्ष पहले मौत हो चुकी थी। राजू गुप्ता और उनके भाई दीपू की शादी नहीं हुई। जबकि बहन गुड़िया की शादी के बाद लगभग 15 वर्ष पूर्व तलाक हो चुका था।

दीपू मंदबुद्धि है, जिसका इलाज चल रहा था। तीन चार दिनों से राजू और गुड़िया पास के ही एक किराये के घर में रहकर अपने घर में बने सेप्टिक टैंक की सफाई करवा रहे थे। गुरुवार को राजू और गुड़िया किराये के मकान में पड़ोसी यह कहकर गए कि हम लोग एक मांगलिक कार्यक्रम में जा रहे हैं। शाम तक वापस आ जायेंगे। छोटे भाई दीपू का खाना उसी पड़ोसी के यहां से भेज दिया जा रहा था।

गुरुवार को भी दीपू का खाना लेकर पड़ोसी युवक आया था। उसने राजू और गुड़िया के बाबत पूछा तो दीपू ने बताया कि वे लोग रात में आयेंगे। शादी में गए हुए हैं।

# बस ने कार को मारी टक्कर, एक महिला की मौत, तीन गंभीर घायल



**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। जिले में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब, एक तेज रफ्तार अनियन्त्रित रोडवेज बस कार में जा घुसी। जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।इस दौरान घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमण्डा ले जाया गया. जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर शैलेश सिंह ने रानी पत्नी वीरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया।वहीं घटना के बाद लोग सहमे नजर आए। बताया गया कि लखनऊ से अंबाला जा रही हरियाणा रोडवेज की अनुबन्धित बस सीतापुर के कस्बा कमलापुर नहर चौराहा पर कार को टक्कर मार दी टक्कर में कार सवार बाइस वर्षीय वीरेन्द्र पुत्र बलवीर यादव लक्ष्मी पुत्री विरेन्द्र निवासी पतारा कलां थाना कमलापुर जनपद सीतापुर गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं बस सवार उन्निस वर्षीय रूपेश पुत्र मोहित निवासी टेढ़ी घाट थाना पुरंदरपुर जनपद महाराजगंज के साथ थाना कमलापुर क्षेत्र अन्तर्गत भट्ठा पुरवा मजरा जयराम निवासी पैंतिस वर्षीय मथुरा प्रसाद पुत्र होरीलाल अपना ऑटो रिक्शा चलाने कमल को लेकर आए थे और नहर चौराहे के समीप खड़े थे और वह भी चपेट में आने से घायल हो गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना कमलापुर के प्रभारी निरीक्षक कृष्णा बाली सिंह कस्बा इंचार्ज टीपी सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार ने गंभीर रूप से घायलों को पुलिस जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा भिजवाया और ड्राइवर समेत बस को अपने कब्जे में ले लिया। दुर्घटना में मामूली चोट खाये ऑटो रिक्शा चालक को कमलापुर पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमलापुर भेजा। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर मुदित दीक्षित द्वारा किया गया कमलापुर पुलिस ने रानी के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

## स्कूल गेट से 8वीं की छात्रा किडनैप

गोरखपुर। गोरखपुर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां कैंट इलाके के एक कान्वेंट स्कूल में पढ़ने वाली 8वीं की छात्रा को शोहदे ने किडनैप कर लिया। क्लास में छात्रा के नहीं पहुंचने की जानकारी पर परिजन घबरा गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल एक्शन में आ गई। पुलिस के एक्टिव होने की जानकारी जब शोहदे को मिली तो वह घबरा गया। पकड़े जाने के डर से वो छात्रा को तारामंडल इलाके में स्थित आंबेडकर पार्क के पास छोड़कर फरार हो गया। पुलिस छात्रा को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश कर रही है। दरअसल, राजघाट इलाके की रहने वाली छात्रा सिविल लाइंस स्थित स्कूल में पढ़ती है।

# डीआईजी ने पैदल गस्त कर लोगों को भयमुक्त, निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

ललितपुर। झांसी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत झाँसी रेंज में होने वाले मतदान हेतु जनपद झाँसी के थाना बरूआसागर का आकस्मिक निरीक्षण कर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 30 बिन्दु तैयारियों की समीक्षा, चुनाव रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, पत्रावलियां, रजिस्टर आदि को चेक किया गया । थाना कार्यालय के अभिलेखों के साथ ही साथ अपराध रजिस्टर व चुनाव रजिस्टर का अवलोकन कर चुनाव के दृष्टिगत अराजकतत्वों पर की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गयी ।



इसके उपरान्त पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी अन्तरिक्ष जैन व थाना बरूआसागर पुलिस बल के साथ मुख्य बाजार, सर्राफा बाजार सहित कस्वा बरूआसागर में पैदल भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया गया तथा लोगों से संवाद कर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में भयमुक्त व निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी । पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी महोदय द्वारा थाना बरूआसागर क्षेत्र के क्रिटिकल व वल्नरेवल मतदान केन्द्रों/बूथों का भौतिक निरीक्षण कर बूथों का भी जायजा लिया गया तथा मतदान केन्द्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधायें जैसे- बिजली, पानी, शौचालय आदि व मतदान केन्द्रों पर सुगम आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये।

# पीलीभीत में डीसीएम पेड़ से टकरायी, तीन मरे

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के गजरौला क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक के पेड़ से टकराने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 33 अन्य घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आसाम नेशनल हाइवे-730 पर यात्रियों से भरा एक डीसीएम पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 33 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायलों में जिला लखीमपुर खीरी के थाना सिंघाई के गांव बथुआ निवासी आरती की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने बताया कि हादसा शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ। चालक को नींद की झपकी आने से हादसे की आशंका है। सभी यात्री मजदूरी करके मेरठ से लखीमपुर अपने घर वापस जा रहे थे। डीसीएम में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में डीसीएम चालक सरजीत (25) के अलावा समीना (30) और रेशमा (10) की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई घंटे की मशक्कत करने के बाद डीसीएम को काटकर उसके ड्राइवर का शव बाहर निकाला गया।

## शार्ट न्यूज

### 315 बोर तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

ललितपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को 315 बोर देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण मे आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना एक अभियुक्त करन कुशवाहा पुत्र ताराचन्द्र कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी मुहल्ला लक्ष्मीपुरा थाना कोतवाली को गोविन्द सादर डैम सायफन के पास वंधा पुंछा के पास से मय एक अवैध तमंचा देशी 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त करन कुशवाहा उपरोक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 356/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है । गिरफ्तारी करने वाली टीम उ0नि0 अनुराग शर्मा हेका0 बृजबिहारी आरक्षी हिमांशु गुप्ता आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को दबोचा, एक जिंदा कारतूस बरामद



ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचे सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण मे आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना एक अभियुक्त नरेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र रामनारायण विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कल्याणपुरा थाना कोतवाली को खोखरा तिराहा के पास से मय एक अवैध तमंचा देशी 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त नरेन्द्र विश्वकर्मा उपरोक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 358/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है । गिरफ्तारी करने वाली टीम उ0नि0 हसीन खाँन उ0नि0 विनीत कुमार सिंह हे0का0 राजवीर सिंहा आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने एक दर्जन वारंटियों को किया गिरफ्तार



ललितपुर। बानपुर जिले में फरार चल रहे विभिन्न धाराओं के वारंटियों की धर पकड़ तेज हो गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान पुलिस ने कई स्थानों पर छापा मारकर 13 वारंटियों को धर दबोचा। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, अपर पुलिस अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गयी है। पकड़े गये वारण्टियों में थाना पाली क्षेत्र के ग्राम बरौदिया राइन निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह, पाली के पण्डयाना निवासी लक्ष्मन पुत्र परसादी सहरिया, बानपुर के ग्राम कैलगुवां निवासी अखिलेश पुत्र रनुआ, कैलगुवां निवासी घनश्याम उर्फ घन्सू अहिरवार पुत्र रतुआ, ग्राम दिदौरा निवासी बहादुर पुत्र शिवदीन यादव, ग्राम पाह निवासी रामसिंह पुत्र चैनू, ग्राम पाह निवासी रामकुल्ले पुत्र चैनू, ग्राम पाह निवासी बल्लू पुत्र रामदीन, ग्राम पाह निवासी छक्की पुत्र दयाली, ग्राम डंगराना निवासी विजय पुत्र कमल, ग्राम ड़ंगराना निवासी अजब सिंह पुत्र स्व.मोहन सिंह, ग्राम खितवांस निवासी सुकन पुत्र रघुराज सिंह व कस्बा पाली निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र गोविन्द सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### सबसे पहले मतदान, उसके बाद दूजा काम' के नारे लगाते हुये मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**




सीतापुर ।लोकतंत्र में मतदान एक महत्वपूर्ण पर्व है। जिसमे सभी मतदाता भाग लेकर अपने कीमती मत का दान करते हैं। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। हमारा कीमती मत ही देश का भविष्य तय करता है। हम सबको मिलकर लोकतंत्र के इस पर्व को धूमधाम से मनाना है। उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन परिसर मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने कीमती मत का प्रयोग कर आगामी तेरह मई को ईमानदार और मजबूत सरकार दें। मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर महमूदाबाद में सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के विद्यार्थियों ने शनिवार को नगर के प्रमुख मार्गो पर जागरूकता रैली निकालकर किसी लालच व बहकावे में न आकर निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील कर लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान स्कूली बच्चे हाथों में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां थामे चल रहे थे। शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए छात्र नारे लगा रहे थे। रैली का शुभारम्भ कालेज परिसर से हुआ।

### गर्मी में ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या

आगरा। आगरा में तेज धूप और लू से लोगों का बुरा हाल है। अस्पतालों में उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। तेज धूप से सिर में दर्द और चक्कर आने की समस्या भी हो रही है। हालांकि शनिवार को मौसम ने करवट ली है। लेकिन एसएन मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वॉर्ड फुल हो चुके हैं। इमरजेंसी में भी बेड फुल चल रहे हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों में अधिकांश गर्मी और लू से पीड़ित थे। उल्टी-दस्त, पेट में दर्द, फूड प्वाइजनिंग के अधिक मरीज रहे। तेज धूप के कारण सिर में दर्द, चक्कर आना, घबराहट की परेशानी के साथ मरीज पहुंच रहे हैं। मेडिसिन विभाग की ओपीडी में डॉ. आरके वर्मा ने बताया- हर रोज लगभग 1200 मरीज उल्टी-दस्त की शिकायत के साथ पहुंच रहे हैं। जबकि अप्रैल की शुरुआत में यह संख्या 800 के आसपास थी। उन्होंने बताया- वार्ड में भी सारे बेड फुल हो चुके हैं। इमरजेंसी में हर रोज 75 मरीज नए भर्ती हो रहे हैं। यही स्थिति लेडी लॉयल हॉस्पिटल की है। वहां ओपीडी में हर रोज 125 से ज्यादा महिलाएं गर्मी से होने वाली बीमारियों के साथ पहुंच रही हैं। जिला अस्पताल के एसआईसी डॉ. राजेंद्र अरोड़ा ने बताया, उल्टी दस्त के अलावा इस समय बुखार के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। गर्मी और लू लगने के कारण लोगों को बुखार आ रहा है। बुखार के साथ ही खांसी-जुकाम की शिकायत हो रही है। बच्चे ज्यादा बीमार हो रहे हैं।

## ब्राजील में तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हुई



साओ पाउलो। दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हो गई है। एक समाचार एजेंसी ने नागरिक सुरक्षा एजेंसी से जारी आंकड़ों के हवाले से बताया ?कि 143 लोग लापता हैं, 756 घायल हुए हैं और लगभग चार लाख लोगों ने अपने स्थानों को छोड़ दिया है। एजेंसी ने कहा कि तूफान से कुल 1,947,372 लोग प्रभावित हुए हैं। जबकि 70,863 लोगों को सुरक्षाबलों और बचावकर्ताओं ने बचाया। गुइबा नदी में बाढ़ आने के बाद पोर्टो एलेग्रे का सालगाडो फिल्हो अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा सेवा से बाहर हो गया है। 29 अप्रैल के बाद से बारिश और बाढ़ ने अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा पर स्थित शीर्ष कृषि और पशुधन उत्पादक रियो ग्रांडे डो सुल के इतिहास में सबसे खराब जलवायु त्रासदी का कारण बना है, जहां 437 से अधिक नगर पालिकाएं तूफान से पीड़ित हुई हैं।

## वार्ता फेल होने के बाद रफा पर इजरायल का हमला तेज



गाजा। मिस्र के काहिरा में इजरायल-हमास संघर्ष विराम वार्ता विफल होने के बाद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर भारी बमबारी शुरू कर दी है। अभी ये पता नहीं चला है कि इस हमले में कितने लोग मारे गए हैं। रफा में कुवैत अस्पताल का संचालन काफी हद तक बंद हो गया है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि रफा में इजरायली बमबारी तेज होने के बाद लगभग एक लाख दस हज़ार लोग रफा से भाग गए हैं।

## खान यूनिस की सुरंगों में छिपा है याह्या सिनवार

तेलअवीव। हमास नेता और इजराइल पर हमलों का मास्टर माइंड याह्या सिनवार राफा में नहीं है। ये जानकारी ऐसे वक्त आई है जब नेतन्याहू हमास की लीडरशिप के खात्मे के लिए राफा में इजराइली सैनिकों को घुसाने की तैयारी में हैं। अधिकारियों के मुताबिक हाल ही की इंटेलिजेंस के मुताबिक सिनवार राफा से 5 मील दूर खान युनिस की सुरंगों में छिपा है। उसे आखिरी बार फरवरी में हमास की बनाई सुरंगों से गुजरते हुए देखा गया था। वो अपने परिवार के लोगों के साथ था। इस जानकारी के बावजूद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा के आखिरी बचे शहर राफा में मिलिट्री ऑपरेशन को जरूरी बता रहे हैं। उनका कहना है कि वे हमास की लीडरशिप का जड़ से मिटाने के लिए राफा में घुस रहे हैं। जबकि अमेरिका भी इसका विरोध कर रहा है।

## संयुक्त राष्ट्र का दावा अफगानिस्तान में बाढ़ से 200 लोगों की मौत, तालिबान सरकार ने 62 मौतों की पुष्टि की

जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उत्तरी अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण एक ही प्रांत में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र के इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बताया कि भारी बारिश के कारण बघलान प्रांत में 200 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घर नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए। आईओएम आपातकालीन प्रतिक्रिया नेतृत्व ने अफगानिस्तान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आंकड़ों का हवाला देकर कहा, सिर्फ बघलानी जदीद जिले में 1,500 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए और 100 से अधिक लोग मारे गए। वहीं तालिबान सरकार के अधिकारियों ने कहा कि अब तक 62 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक बयान में मृतकों और घायलों की संख्या में अंतर किए बिना कहा कि हमारे सैकड़ों साथी नागरिक इन विनाशकारी बाढ़ के कारण मारे गए हैं। अफगानिस्तान के कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई, उत्तरी तखर प्रांत के अधिकारियों ने शनिवार को 20 लोगों की मौत की सूचना दी। अफगानिस्तान, जहां अपेक्षाकृत शुष्क सर्दी थी, जिससे मिट्टी के लिए वर्षा को अवशोषित करना अधिक कठिन हो गया, जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। चार दशकों के युद्ध से तबाह हुआ यह देश दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है और वैज्ञानिकों के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग के परिणामों का सामना करने के लिए सबसे खराब तैयार देशों में से एक है।

## पूर्वी कांगो में विस्थापितों के शिविर पर बमबारी... 35 की मौत

कांगो। पूर्वी कांगो में विस्थापितों के दो शिविरों पर पिछले सप्ताह हुई बमबारी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई, जबकि दो लोगों की हालत बेहद नाजुक है। उत्तर किवु राज्य में शिविरो पर हमले हुए थे। पूर्वी कांगो के मुगुंगा और लैक वर्ट शिविरों पर बमबारी के लिए कांगो की सेना और विद्रोही समूह 'एम23' एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस हमले के आरोप 'एम23' और पड़ोसी देश रवांडा की सेना पर लगाएं हैं। एम23 एक सशस्त्र समूह है जिसमें तुत्सी जनजाति के लोग शामिल हैं। ये समूह कांगो की सेना से 12 साल पहले अलग हुआ था। कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स टी ने पड़ोसी देश रवांडा पर एम23 विद्रोहियों का समर्थन कर कांगो में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया है।

## अफगानिस्तान में 4.5 तीव्रता का आया भूकंप, बाढ़ ने ली कई जानें

काबुल। अफगानिस्तान में आज सुबह 6.16 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.5 आंकी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। इस बीच अफगानिस्तान के बगलान में अचानक आई बाढ़ ने 50 लोगों की जान ले ली, जबकि कई लोग लापता हो गए। घर और संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गये। इस त्रासदी के बाद बचाव दल भेजे गए। बता दें कि पिछली अप्रैल में आई बाढ़ में 70 लोगों की मौतें हुईं थी। संपत्ति की नुकसान पहुंचा और कृषि को नुकसान हुआ था। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार की रात धूल भरी आंधी के बाद शनिवार की सुबह दिल्ली में ठंडा मौसम रहा। दिल्ली में तापमान तुलनात्मक रूप से गिरा और कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई।

## पोप फांसिस ने इटली के लोगों से की ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील

रोम। पोप फांसिस ने इटली के लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की है। पोप ने लोगों को आगाह किया कि देश का जनसांख्यिकीय संकट भविष्य के लिए खतरा है। पोप ने परिवारों की मदद के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म की संख्या लोगों की उम्मीदों को दर्शाती है। बच्चों और युवाओं के बिना एक देश की भविष्य के प्रति कोई आकांक्षा नहीं रह जाती। इटली में जन्म दर पहले ही काफी कम है और यह 15 वर्षों से लगातार गिर रही है। यह पिछले साल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। देश में पिछले वर्ष 3,79,000 शिशुओं का जन्म हुआ। वेटिकन के मजबूत समर्थन से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने 2033 तक सालाना कम से कम 5,00,000 शिशुओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान शुरू किया है। बीते साल इटली सरकार की ओर से जारी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इटली 15 से 49 साल की औरतों की कमी से जूझ रहा है।



यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच खार्किव में रूसी मिसाइल हमले के स्थल पर काम करते अग्निशामक।

## इजराइल का दावा... याह्या सिनवार अभी भी गाजा में

गाजा। गाजा में हमास की राजनीतिक शाखा के नेता और इजराइल के सर्वाधिक वांछित व्यक्तियों में से एक, याह्या सिनवार, राफा में नहीं हैं, दो अधिकारियों ने कहा कि इजराइल गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में अपने जमीनी हमले के साथ आगे बढ़ रहा है। दो अधिकारियों ने बताया कि हमास नेता राफा से दूर खान यूनिस क्षेत्र में भूमिगत सुरंगों में छिपा हुआ था। इजराइल के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सिनवार अभी भी गाजा में है। मार्च में बताया गया कि याह्या सिनवार के करीबी रिश्तेदार राफा क्रॉसिंग के माध्यम से मिस्र चले गए। हमास के कई अन्य शीर्ष नेता भी अपने रिश्तेदारों और परिवार को गाजा से बाहर मिस्र में सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने में कामयाब रहे हैं।

इजराइल ने याह्या को 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमले का मास्टरमाइंड बताया है, इसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे, और 200 से अधिक अन्य का अपहरण कर लिया गया था। माना जाता है कि बाद के महीनों में इजराइल ने हमास के सैन्य विंग के डिप्टी कमांडर मारवान इस्सा को अन्य वरिष्ठ कमांडरों के साथ मार डाला। हालाँकि, सिनवार और उनके डिप्टी, सैन्य विंग प्रमुख मोहम्मद डेफ का पता नहीं चला है। यह घटनाक्रम तब हुआ है, जब इजराइल ने रफा में जमीनी आक्रमण शुरू कर शहर के पूर्वी हिस्से में एक लक्षित अभियान शुरू किया है। इजराइल ने कहा है कि राफा हमास आतंकवादी समूह का आखिरी गढ़ था। राफा 12 किमी की सीमा पर स्थित है जो गाजा पट्टी को मिस्र से विभाजित करती है और गाजा से लोगों के लिए प्राथमिक निकास बिंदु है।

# एलएसी पर तनाव, जिनपिंग का नया दांव, भारत को मनाने के लिए चीन ने भेजा अपना राजदूत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी एलएसी पर भारत और चीन के बीच गजब का तनाव है और इस तनाव के बीच दोनों देशों के संबंध संकट के दौर से गुजर रहे हैं। तनाव को कम करने की कोशिश दोनों तरफ से सैन्य स्तर पर हुई। लेकिन पहली बार ऐसा हुआ कि चीन की तरफ से आधिकारिक स्तर पर राजनयिक स्तर पर हालात को सुधारने की कोशिश हो रही है। गलवान में भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच झड़प के बाद से भारत और चीन के संबंध सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। इस मुठभेड़ के बाद भारत में 59 चीनी एप्स को बैन किया गया। भारत लगातार चीन पर अपनी निर्भरता को घटाने में लगा हुआ है। इन सब के बीचचीन भारत में जी-20 सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 18 महीने से अपने राजदूत कि नियुक्त भारत में नहीं की। भारत में चीनी एबेंसी खाली पड़ी थी। इन सब के बीच अब चीन और भारत में बातचीत का कोई दौर नहीं रहा तो तनाव को कम करने के लिए चीन ने अपने राजदूत की नियुक्ति कर दी। वो भी तब जब चीन की तरफ से भारत के एक राज्य अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना दावा जताया था। इससे भी भारत खफा है।

### 18 महीने बाद भारत में चीनी राजदूत

भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। भारत में चीन के राजदूत का पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

### दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास

शूने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा कि यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।


## म्यांमार के बाद भारत के इस पड़ोसी देश को चीन ने लगाया चूना

### –बेच दिए अपने कबाड़ हो चुके हथियार

**ढाका (एजेंसी)।** म्यांमार को पाकिस्तान में बने घटिया जेएफ-17 फाइटर जेट सप्लाई करने के बाद अब चीन के हथियारों की एक और पड़ोसी देश में पोल खुल गई है। चीन ने हाल के वर्षों में 2.59 अरब डॉलर के हथियार बांग्लादेश सेना को ब्रिकी किए है। इससे चीन बांग्लादेश का मुख्य हथियार सप्लायर देश बनकर उभरा है। चीन की मंशा है कि वह भारत के एक और पड़ोसी देश को अपने पाले में लाकर प्रभाव को बढ़ाया ले। वहीं बांग्लादेश भी गुपचुप भारत के दुश्मन से दोस्ती बढ़ा रहा है। अब खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश ने चीन से एफ-7 फाइटर जेट खरीदा है, जो तकनीकी गड़बड़ियों का शिकार हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के घटिया हथियारों से न केवल खरीदने वाले देशों का पैसे का नुकसान हो रहा है, बल्कि जिस सुरक्षा के लिए उन्हें खरीदा जाता है, वह भी नहीं हो पा रही है। हाल के वर्षों में बांग्लादेश की सेना ने कई बार चीनी कंपनियों से शिकायत की है। उन्हें अपने गश्ती समुद्री जहाजों के लिए कलपुर्जे नहीं मिल पा रहे हैं। साथ ही उसमें तमाम गड़बड़ियां मिल रही हैं। इनमें प्रमुख नाम एफ-7 फाइटर जेट का है जो कई तकनीकी गड़बड़ियों से जूझ रहा है। चीन ने फाइटर जेट में जो रेडॉर लगाया है, वह भी सटीक जानकारी नहीं दे रहा है। इसमें मिसाइल और इंटरसेप्शन रेडॉर की भी कमी है।

इतना ही नहीं बांग्लादेश की एयरफोर्स को चीन के बनाए हुए के -8वॉट एयरक्राफ्ट से बम गिराने में दिक?कत हो रही है। इस विमान को साल 2020 में चीन ने दिया था लेकिन तभी से यह समस्या बनी हुई है। यही नहीं बांग्लादेश की सेना ने जो शॉर्ट रेंज के डिफेंस सिस्टम खरीदे थे, वे खराब निकले हैं। इसके अलावा टैंक के गोले और टैंक के कलपुर्जे की सप्लाई को लेकर दोनों देशों में विवाद है। इसी तरह से बांग्लादेश की नौसेना को मिले चीनी युद्धपोत और हथियार सवालों के घेरे में हैं। बताया जा रहा है कि पहले घटिया हथियार देने वाला चीन अब रिपेयर के नाम पर खूब पैसे मांग रहा है। चीन ने बांग्लादेश को पहले बहुत कम दाम में सबमरीन बेची थी लेकिन अब वे बेकार निकल रही हैं।

## एलन का ऐलान : ये आखिरी चुनाव होगा जिसमें अमेरिकी नागरिकों की होगी भूमिका



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने हाल ही दावा किया है कि 2024 का अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव अंतिम चुनाव होगा, जिसमें अमेरिकी नागरिकों की सीधी भूमिका होगी। उन्होंने अमेरिका में रह रहे अवैध आप्रवासियों के प्रभाव के बारे में चिंता जतायी है। मस्क का यह बयान हाउस रिपब्लिकन द्वारा पारित एक नए बिल को लेकर आया है, जिसमें राष्ट्रीय जनगणना में नागरिकता के प्रश्न को शामिल करने की तैयारी है। इस कदम का व्हाइट हाउस और डेमोक्रेट के सांसदों के द्वारा विरोध किया गया है। बता दें कि अगर इस बिल को लागू किया जाता है तो इसका असर ऐसे राज्यों में देखने को मिलेगा, जहां अप्रवासियों की बड़ी आबादी है। कांग्रेस में आप्रवासियों का प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। इस बिल के आलोचकों का तर्क है कि यह चौदहवें संशोधन का उल्लंघन करता है, जिसके तहत जनगणना के दौरान प्रत्येक राज्यों में व्यक्तियों की पूरी संख्या की गिनती करना अनिवार्य है। मस्क के इस बयान से इमिग्रेशन और लोकतंत्र पर इसके प्रभाव को लेकर अमेरिकी समाज और और वहां की राजनीति में गहराते विभाजन को उजागर करते हैं। इससे यही प्रतीत होता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी का बिल का विरोध इसलिए कर रही है कि गैर अमेरिकी नागरिकों की मदद से वह अपना चुनावी बेस बढ़ा सके। रिपोर्ट के अनुसार, इस बिल को चुनाव संबंधित किसी भी बंटवारे के लिए उपयोग की जाने वाली जनगणना से अमेरिका के स्थायी नागरिकों को छोड़कर बाकी को बाहर करने के लिए तैयार किया गया है। इसका मतलब यह हुआ कि सिर्फ अमेरिका के स्थायी नागरिकों की संख्या के आधार पर ही कांग्रेस की सीटों की संख्या तय की जाएगी। सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने इस बिल का बचाव किया है। उन्होंने कहा है कि यह सामान्य ज्ञान है कि केवल अमेरिकी नागरिकों को चुनावी बंटवारे के लिए गिना जाना चाहिए।

# यूएनजीए ने फिलिस्तीन की सदस्यता को विशेष दर्जा देने कराया मतदान

### – संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अमेरिकी वीटो को किया दरकिनार




**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने फिलिस्तीन की सदस्यता को विशेष दर्जा देने के लिए मतदान कराया, इस मतदान का उद्देश्य पूर्ण सदस्यता पर अमेरिकी वीटो को रोकना था। गाजा पर इजरायल के हमले और युद्धविराम की कोशिशों के बीच में ऐतिहासिक प्रस्ताव को भारत, फ्रांस, चीन, रूस और जापान समेत 143 वोटों के साथ अपनाया गया, जबकि अमेरिका और इजरायल समेत नौ वोट विपक्ष में गिरे। पिछले माह सुरक्षा परिषद में पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की बोली के एकमात्र अमेरिकी वीटो को खारिज करते हुए ब्रिटेन, कनाडा और कई यूरोपीय सदस्यों समेत 25 सदस्य गैरहाजिर रहे।

अमेरिका और इजरायल के अलावा हंगरी, चेकिया, अर्जेंटीना, माइक्रोनेशिया, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और नाउरू ने इसका विरोध किया। फिलिस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक रियाद मंसूर ने मतदान से पहले कहा था कि इसका समर्थन करना शांति में निवेश और सही कदम है। एक पर्यवेक्षक देश बने रहने के दौरान फिलिस्तीन को महासभा के कार्यालयों में चुने जाने, अन्य पर्यवेक्षकों के साथ पीछे रहने के बजाय नियमित सदस्य देशों के बीच बैठने और निकाय के समक्ष मामलों में संशोधन पेश करने का अधिकार मिलता है और विभिन्न प्रक्रियात्मक मामलों में भाग लेते हैं। लेकिन इसकी विशेष सदस्यता इसे विधानसभा में मतदान करने या संयुक्त राष्ट्र के अन्य निकायों में सदस्यता लेने की अनुमति नहीं देगी। सुरक्षा परिषद को पूर्ण सदस्यता के विपरीत, विशेष दर्जे को मंजूरी नहीं देनी होगी, जिस पर अमेरिका ने वीटो कर दिया था। अल्जीरिया द्वारा प्रस्तावित और बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और मालदीव द्वारा सह-प्रायोजित प्रस्ताव में परिषद से पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के अनुरोध पर पुनर्विचार करने के लिए भी कहा गया।

अमेरिकी उप स्थायी प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने चेतावनी दी कि इसे वीटो कर दिया जाएगा। राजनयिकों के बीच व्यापक विचार-विमर्श के बाद अपनाया गया यह प्रस्ताव उस अमेरिकी कानून को दरकिनार कर देता है, जिसके तहत पूर्ण सदस्यता देने पर संयुक्त राष्ट्र में उसका योगदान स्वतः ही बंद हो जाता। यह संगठन को पंगु बना देगा, क्योंकि वाशिंगटन संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट का 22 फीसदी और शांति स्थापना बजट का 27 फीसदी योगदान देने वाला सबसे बड़ा देश है।

# हिटलर ने आत्महत्या नहीं की, हार के डर से भाग गया था दूसरे देश!


### –समुद्र में मिली नाजी बोट की जांच के बाद किया दावा

**बर्लिन, (एजेंसी)।** हिटलर जिसका नाम सुनते ही अच्छे अच्छों की रुह कांप जाती है क्योंकि उसके जुल्म की फेहरिस्त बहुत लंबी है। हिटलर ने जर्मनी के करीब 12 साल तक राज किया। एडोल्फ हिटलर के बारे में कहा जाता है कि अप्रैल, 1945 को बर्लिन में हिटलर ने अपने बंकर में आत्महत्या कर ली थी। हिटलर ने दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी की हार होने के बाद ये कदम उठाया था। हिटलर की मौत के बारे में कई तरह के दावे भी किए जाते रहे हैं। हिटलर की मौत के बारे में कई परस्पर विरोधी रिपोर्ट सामने आई, जिनमें एक ये भी है कि हिटलर मरा नहीं था बल्कि समुद्र के रास्ते दूसरे देश भागा गया था। इसके पक्ष में ये तर्क दिया जाता है कि किसी ने कभी हिटलर का शव देखा नहीं था। हिटलर के भागने की खबर एक बार फिर फैल रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण अटलांटिक महासागर के तल पर डूबी एक रहस्यमय बोट के बारे में ये पुष्टि हुई है कि ये द्वितीय विश्व युद्ध में डूबी नाजी यू-बोट थी। यह भी दावा किया जा रहा है कि इस बोट से ही हिटलर जर्मनी से निकला था। जहाज की पानी के नीचे खुदाई दो साल पहले शुरू की गई थी, जब यह अर्जेंटीना के क्वेक्वेन के तट पर समुद्र तल पर 80 फीट से अधिक नीचे पाई गई थी। इसके बाद ये भी दावे किए जा रहे थे कि हिटलर जर्मनी से जिंदा भाग निकला था। कई इतिहासकारों का मानना है कि इस बोट का इस्तेमाल हिटलर और दूसरे नाजियों को जर्मनी से निकालने के लिए किया गया था। इटालियन नेवल लीग के नाजी युग के हथियार विशेषज्ञ फैबियो बिस्सिओटी ने इसकी यू-बोट होने की पुष्टि की।

एक नई जांच से पता चलता है कि हिटलर जैसे जर्मन नेता दक्षिण अमेरिका भाग सकते थे। वयोवृद्ध नाजी शिकारी एबिल बस्टी ने कहा कि मेरे शोध में अधिकांश प्रत्यक्ष साक्ष्य हैं और मेरी आखिरी पुस्तक युद्ध के बाद यानी दक्षिण अमेरिका में निर्वासन में हिटलर की तस्वीरें प्रस्तुत करती है। साफ है कि हिटलर ने 1945 में आत्महत्या नहीं की थी बल्कि 80 साल की उम्र में वह दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में चिली, ब्राजील, बोलीविया, कोलंबिया और पैराग्वे की यात्रा करते उसकी मौत हुई थी।

हिटलर-हिज लाइफ एंड हिज डेथ नाम की किताब लिखने वाले सिमोनी रेनी ग्युरेरो डायस कहते हैं कि हिटलर ना केवल बंकर से भाग निकला था और ब्राजील पहुंच गया था और 1984 तक जिंदा रहा। उसकी मौत 95 साल की उम्र में हुई। सिमोनी का ये भी दावा है कि हिटलर का ब्राजील में अश्वेत महिला के साथ संबंध भी रहा है। खैर कुछ भी हो हिटलर की मौत आज भी एक रहस्य ही बनी हुई है।



# आज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करो या मरो मुकाबले में उतरेगी कोहली की टीम

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा कायम रखने के लिए रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को आरसीबी ने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव दिख रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे। तब 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और आज का मैच हारने के बाद आरसीबी की उम्मीदें खत्म हो जाएगी। लगातार चार जीत और विराट कोहली के शानदार फॉर्म के दम पर उसके हौसले बुलंद है। कोहली ने इस सीजन में सर्वाधिक 634 रन बना लिए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 153 का रहा है। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। गेंदबाजों ने भी शुरूआती मैचों के औसत प्रदर्शन के बाद अपना काम बखूबी किया है। पिछले चार मैचों में मोहम्मद सिराज ने अपनी लय हासिल कर ली जबकि यश दयाल और स्पिनर स्वप्निल सिंह भी उपयोगी साबित हुए हैं। पंजाब के खिलाफ मैच के बाद सिराज और दयाल का इकॉनामी रेट इस सत्र में पहली बार दस के नीचे गया। इस सत्र में लग रहे रनों के पहाड़ के बीच इस बेहतर प्रदर्शन कह सकते हैं। इनकी परीक्षा दिल्ली के जैक फेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235. 87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं। डेविड वॉर्नर ने सात मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाये थे और चोट के कारण उनके बाहर होने के बाद मैकगुर्क खेल रहे हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी। कप्तान पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने अच्छी पारियां खेली है और आरसीबी के गेंदबाजों के सामने भी उनके लिए कठिन चुनौती होगी। गेंदबाजी में दिल्ली का पलड़ा भारी है। उसके पास कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर हैं, जो मिलकर 24 विकेट ले चुके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट भी नौ से कम रहा है। तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 और मुकेश कुमार 15 विकेट ले चुके हैं और दिल्ली को उनसे शुरूआती सफलताओं की उम्मीद होगी।




### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू** –फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**दिल्ली कैपिटल्स**–ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# रोहित आईपीएल से लेंगे संन्यास या छोड़ेंगे मुंबई इंडियंस?



## –वायरल वीडियो को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस टीम के रोहित शर्मा के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अच्छा नहीं रहा। पहले तो उन्हें मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटा दिया गया। वहीं दूसरा यह इस बार उनकी टीम ने अपना प्रदर्शन भी अच्छा नहीं किया। जो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वहीं अब खबर आ रही है कि रोहित शर्मा आईपीएल से संन्यास लेने की तैयारी कर रहे हैं? या फिर मुंबई इंडियंस को छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं? ऐसी चर्चाएं एक वीडियो से शुरू हो गई हैं।

केकेआर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच से पहले एक वीडियो अपलोड किया था, लेकिन उसे बाद में डिलीट कर दिया। हालांकि, इसके बावजूद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में रोहित शर्मा ईडन गार्डंस में केकेआर के अभिषेक नायर के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस दौरान दोनों के बीच काफी बातचीत हुई, जो कि साफ सुनाई दे रही हैं। हालांकि, ये साफ नहीं है कि रोहित किस बारे में बात कर रहे हैं लेकिन केकेआर ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से इस वीडियो को हटा दिया है। रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंपने के बाद मुंबई इंडियंस में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। वहीं, हार्दिक पंड्या की कप्तानी में पहले सीजन में ही मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिसके बाद से उन पर सवाल भी खड़े होने लगे। रोहित भी इस आईपीएल में कुछ खास नहीं कर सके हैं। उन्होंने अपनी 12 पारियों में 330 रन ही बनाए हैं। उन्होंने ने भी अपने फैंस को निराश किया है।

# टी20 विश्व कप के लिए ओपनिंग विराट से कराओ: सौरव गांगुली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने कहा है कि टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग विराट कोहली को करनी चाहिए। मालूम हो कि आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2024 के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है।

टी20 वर्ल्डकप के 9वें संस्करण का शुभारंभ अमेरिका और कनाडा के मैच से होगा। टीम इंडिया अपना पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। स्टार क्रिकेटर की प्रशंसा करते हुए सौरव गांगुली ने कहा,÷ विराट सच में कमाल का खेल रहे हैं। पिछली नाईट विराट ने जो बल्लेबाजी की वो देखने लायक थी। उन्होंने जल्दी ही 90 रन बनाए। आपको उन्हें टी20 विश्व कप में ओपन करवाना चाहिए। उन्हें ओपन करना चाहिए ये उन्होंने पिछली कुछ इनिंग्स में कर के दिखाया है। भारत का स्क्वॉड काफी अच्छा है। बैटिंग में भी गहराई है साथ ही बॉलिंग खेमा भी शानदार नजर आ रहा है। गांगुली ने इससे पहले कहा था कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच फाइनल होगा। गांगुली ने कहा था सौरव गांगुली ने इस मेगा इवेंट पर बात करते हुए कहा,÷ इस टूर्नामेंट के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया सबसे बेहतरीन दो टीमें हैं। मैं श्योर हूं कि ये दोनों टीमें अमेरिका और वेस्टइंडीज में भी 2023 वाला कारनामा करेगी।भारत का स्क्वॉड काफी अच्छा है। सभी मैच विनर खिलाड़ी हैं। मुझे पता है रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने बेस्ट 15 खिलाड़ियों को चुना है।÷बता दें कि विराट कोहली आईपीएल के इस सीजन 12 पारियों में 634 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनके बल्ले से छह अर्धशतक निकल चुके हैं। विराट का औसत 70 से ज्यादा का रहा है।

# प्लेऑफ में अपनी जगह मजबूत करने मैदान में उतरेगी चेन्नई सुपर किंग

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की अपनी जगह मजबूत करने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स मैच में जीत दर्ज करने उतरेगी। मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर बाद 3–30 पर शुरू होगा। चेन्नई अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे नंबर पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के बाद उस पर दबाव बढ़ गया है और उसे अब अपने बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करना बहुत जरूरी हो गया है। दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार ने उसका मनोबल गिरा दिया है।




राजस्थान की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई में नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। चेन्नई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करने उतरेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन चेन्नई के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। टीम को शिवम दुबे से भी बड़े स्कोर की उम्मीद होगी।

चेन्नई सुपर किंग्स ने तुषार देशपांडे ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि शार्दुल ठाकुर ने किफायती गेंदबाजी की लेकिन उसके अन्य गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार की जरुरत है। यह मैच सुपर किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर इसका फायदा मिलेगा। जहां तक राजस्थान रॉयल्स का सवाल है टीम जीत के लिए मैदान में उतरेगी। उसकी चिंता सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नही रहा है।

यह सलामी बल्लेबाज विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने का प्रयास करेगा। कप्तान संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें रियान पराग, शुभम दुबे और रोवमैन पावेल से उम्मीद है। अनुभाई स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट हासिल किए थे और वह इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। उनके साथ युजवेंद्र चहल की मौजूदगी राजस्थान को मजबूत बनती है। तेज गेंदबाजी आवेश खान हालांकि पिछले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसकी भरपाई वह इस मैच में करने का प्रयास करेंगे।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्स**– रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरवेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोइन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रवींद्र जड़ेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, निशांत सिंधु, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश थीक्षाना, समीर रिज़वी।

**राजस्थान रॉयल्स**– संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, अवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नंद्रे बर्गर, तनुश कोटियन, केशव महाराज।

# एंडरसन ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। एंडरसन अपना आखिरी टेस्ट मैच इस साल जुलाई के महीने में वेस्टइंडीज के खिलाफ क्रिकेट के मक्का लॉर्ड्स में खेलेंगे। यह टेस्ट मैच 10-14 जुलाई के दौरान होगा। 41 साल के एंडरसन ने साल 2003 में लॉर्ड्स में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। वह 187 टेस्ट मैचों में 700 विकेट ले चुके हैं। एंडरसन 700 टेस्ट विकेट के एवरेस्ट पर पहुंचने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं। एंडरसन ने इस साल भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट मैच में कुलदीप यादव को आउट करके 700 विकेट पूरे किए थे।



# ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में है अभिषेक शर्मा



नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा आईपीएल के 17वें सीजन में अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में हैं। अभिषेक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने शानदार चेज किया था और 10 ओवर के अंदर ही मैच को खत्म कर दिया था। उन्हें माता पिता से जुड़ी एक स्टोरी सुनाई थी। अभिषेक शर्मा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उनके माता पिता मैच देखने के लिए आने वाले थे। लेकिन मेरी गलती की वजह से ऐसा नहीं हो सका। अभिषेक ने कहा, ' मैं मैच के बाद अपनी मम्मी और पापा से बात कर रहा था। वो मैच देखने के लिए शामिल होने वाले थे। लेकिन दुर्भाग्य से मैंने उनकी टिकट हैदराबाद की जगह अमृतसर बुक कर दी थी।' अभिषेक शर्मा आईपीएल 2024 में 12 मैचों में 401 रन बना चुके हैं जिसमें 2 हाफ सेंचुरी शामिल है। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 205.64 रही है। अभिषेक का बेस्ट स्कोर नाबाद 75 रन रहा है जो उन्होंने लखनउ सुपर जॉयंट्स के खिलाफ बनाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने एलएसजी के खिलाफ 28 गेंदों पर 8 चौके और 6 छक्के जड़े थे। इस मुकाबले में उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर रिकॉर्ड 167 रन की साझेदारी की। हैदराबाद ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपनी दावेदार मजबूत कर ली है।

# एक दशक में दो बार भारतीय टीम हाथ आया खिताब नहीं जीत पायी

**मुम्बई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अगले माह होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप में खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगा देगी। इसका कारण है कि वह पिछले एक दशक से खिताब नहीं जीत पायी है। इस एक दशक में भी दो बार खिताब उसके हाथ के बेहद करीब आकर निकल गया। ये था साल 2014 का टी20 विश्वकप और 2023 एकदिवसीय विश्वकप। इन दोनो ही बार भारतीय टीम फाइनल में जाकर हारी। उससे पहले के सभी मुकाबले भारतीय टीम ने जीते थे। यहां तक कि तकरीबन सभी आंकड़े भी एक समान थे।

साल साल 2007 में चैंपियन बनने के अलावा भारतीय टीम 2014 के टी20 विश्वकप में फाइनल में पहुंची थी पर टीम को खिताबी मुकाबले में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। टी20 विश्वककप 2014 और एकदिवसीय विश्वकप 2023 में कई समानताएं हैं। एकदिवसीय विश्वकप 2023 की तरह 2014 के टी20 विश्वकप में भी भारतीय टीम ने अपने विरोधियों के खिलाफ सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी थी हालांकि फाइनल में खराब प्रदर्शन से उसे हार मिली थी।



टी20 विश्वकप 2014 और एकदिवसीय विश्वपक 2023 में भारतीय टीम ने फाइनल से पहले अपने सभी मैच आसानी से जीते थे। इन दोनों ही टूर्नामेंट के फाइनल से पहले भारतीय टीम कोई भी मैच नहीं हारी थी पर फाइनल में एक दिन के खराब प्रदर्शन से उसके हाथों से खिताब निकल गया था। दोनों ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम का पाकिस्तान पर जीत के साथ-साथ फाइनल में मिली हार का अंतर एक समान था। टी20 विश्वकप 2014 में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था और 2023 विश्वकप में भी टीम इंडिया ने 'पड़ोसी देश' को इसी अंतर से हराया था। वहीं इसी प्रकार टी20 विश्वकप 2014 के फाइनल में भारत को श्रीलंका ने 6 विकेट से हराया था। वहीं विश्वप 2023 के फाइनल में भी भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने इतने ही अंतर से हाराया था। दोनों ही टूर्नामेंटों में भारतीय टीम केवल फाइनल में ही हारी थी।

विराट कोहली इन दोनों ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। टी20 विश्वकप 2014 के 6 मैचों में तीन बार नाबाद रहते हुए विराट ने 106.33 के औसत और 129.14 के स?ट्राइक रेट से सबसे अधिक 319 रन बनाए थे। वहीं इसी प्रकार विश्वकप 2023 में उन्होंने 11 मैचों में तीन बार नाबाद रहते हुए 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 765 रन बनाए थे। उनके 319 रन अब तक टी20 विश्वकप और 765 रन एकदिवसीय विश्वकप में किसी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। दोनों ही टूर्नामेंट में रोहित शर्मा शीर्ष पांच बल्लेबाजों में थे। रोहित ने टी20 वर्ल्डकप 2014 के छह मैचों में एक बार नाबाद रहते हुए 200 रन बनाए थे और रनों के मामले में चौथे नंबर पर रहे थे जबकि विश्वकप 2023 के 11 मैचों में 597 रन बनाकर वे विराट के बाद दूसरे नंबर के बल्लेबाज रहे थे।

# देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता



नई दिल्ली। देश में महिला फुटबॉल की लोकप्रियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं। वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जा रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं। साथ ही तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरला भी है, जो विदेशों में प्रतियोगिता खेलने वाली भारत की पहली महिला टीम थी। अब यह भी बदलाव हुआ है कि महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को क्लब पेशेवर अनुबंध भी देने लगे हैं। इससे खिलाड़ियों को अच्छी रकम भी मिल रही हैं।

# विराट अभी भी शीर्ष स्तर का खिलाड़ी –मूडी

धर्मशाला। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अभी भी शीर्ष स्तर का खिलाड़ी है हालांकि पहले से उसमें अंतर आया है। मूडी के अनुसार विराट ने प्रतिबद्धता के बल पर आने वाली कमियों को किया। इसी कारण अपने दमदार स्लॉग स्वीप के जरिये वह बीच के ओवरों में भी स्पिनरों का अच्छी प्रकार से सामना कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 47 गेंद में 92 रन बनाये। इसके साथ ही शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए शशांक सिंह को अपने सीधे थ्रो से रन आउट भी किया। मूडी ने कहा ,'' यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है पर अभी भी उसका प्रदर्शन बेहतरीन है।'' उन्होंने कहा, '' इस तरह का सीधा थ्रो फेंकना आसान नहीं है। यह असाधारण है।'' कोहली ने अब तक आईपीएल के इस सत्र में 12 मैचों में 634 रन बना दिया है। मूडी ने कहा, '' वह सिर्फ स्टार बल्लेबाज ही नहीं एक अच्छा क्षेत्ररक्षक भी है। उसने 92 रन की बेहतरीन पारी खेली और इतने समय बल्लेबाजी करने के बावजूद मैदान पर जबरदस्त क्षेत्ररक्षण भी किया। उसमें खेल का जुनून और गजब की उर्जा है।

# घरेलू क्रिकेटरों का बढ़ सकता है वेतन

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीआई) अब घरेलू क्रिकेट का स्तर बढ़ाने के लिए घरेलू क्रिकेटरों का वेतन बढ़ाने जा रहा है। बीसीसाई का मानना है कि इससे युवा खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा नहीं करेंगे। हाल के दिनों में युवा क्रिकेटर अधिक कमाई के लिए लीग क्रिकेट की ओर जाने लगे हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई चयन समिति ने घरेलू क्रिकेटरों का वेतन बढ़ाने की योजना पर काम करना शुरु कर दिया है। हाल में जिस प्रकार टेस्ट क्रिकेटरों का वेतन बढ़ाया गया है ,उसी तर्ज पर अब घरेलू क्रिकेटरों का भी वेतन बढ़ेगा। उनके लिए भी टेस्ट क्रिकेटरों की तरह ही इंसेंटिव स्कीम होगी। बीसीसीआई का मानना है कि जो खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेलते हैं उन्हें इसका फायदा मिल सकता है। बीसीसीआई की इस नयी योजना से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की संख्या के आधार पर सालाना 1 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख से 1 करोड़ रुपये तक सालाना वेतन देगा। अभी घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर वेतन मिलता है। इसके तहत ही 40 से ज्यादा रणजी ट्रॉफी मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को हर दिन मैच फीस के रूप में 60 हजार रुपये मिलते हैं। वहीं 21 से 40 मैच खेल चुके प्लेयर्स को 50 हजार रुपये तक मिलते हैं। इसी तरह 20 मैच खेल चुके खिलाड़ियों को हर दिन के 40 हजार रुपये मिलते हैं।

# तीन साल बाद घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे नीरज चोपड़ा पर होगी निगाहें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा रविवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे लेकिन कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की चमक थोड़ी काम हो गई है। यहां 26 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

इससे पहले चोपड़ा ने फेडरेशन कप में ही 21 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया।

यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। यह स्टार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुटा है और उन्हें उम्मीद है कि वह ओलंपिक खेलों में अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत दोहा में डायमंड लीग से की जिसमें वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने लंबे समय बाद भारत में खेलने के संबंध में कहा,''मेरे लिए मेरा खेल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। अगर मैं भारत में खेलता हूं तो यह मेरे प्रोफाइल के लिए अच्छा होगा। तोक्यो ओलंपिक से पहले मैं भारत में ही अभ्यास करता था लेकिन अभी मैं केवल अपने खेल पर ध्यान देना चाहता हूं। मैं बाद में भारत में अभ्यास करूंगा।''

गोला फेंक के एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर जैसे कुछ खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के यह क्वालीफाई करने या रैंकिंग अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे। दोहा डायमंड लीग में नौवें स्थान पर रहे किशोर जेना भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऐसे में सभी की निगाहें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा पर टिकी रहेंगी। भाला फेंक में क्वालीफाइंग राउंड 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।

एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), ज्योति याराजी (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक) और हरमिलन बैंस (महिलाओं की 800 मीटर और 1500 मीटर) उन शीर्ष एथलीटों में शामिल हैं जो विदेशों में अभ्यास करने के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेपाएंगे। फर्राटा धावक मणिकांत होबलीधर (100 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (200 मीटर) भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं।



# ओमेगा हेल्थकेयर को खरीदेगी ब्लैकस्टोन कंपनी

## - 1.7 अरब डॉलर आंकी गई वैल्यूएशन

**नई दिल्ली ।** अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन भी ओमेगा हेल्थकेयर को खरीदेगी। तकनीक के जरिये सेवा प्रदान करने वाली कंपनी ओमेगा का मूल्यांकन 1.7 अरब डॉलर आंका गया है। ओमेगा में गोल्डमैन सैक्स ऐसेट मैनेजमेंट और एवरस्टोन कैपिटल की बहुलांश हिस्सेदारी है। इस पूरे मामले से अवगत सूत्र ने कहा कि ये दोनों ही कंपनियां अपनी हिस्सेदारी बेचना चाह रही हैं। ओमेगा में 27,000 नियमित कर्मचारी काम करते हैं। ब्लैकस्टोन, गोल्डमैन सैक्स, एवरस्टोन और ओमेगा हेल्थकेयर में से किसी ने भी इस मामले में कुछ कहने से इनकार कर दिया। गोपी नटराजन और अनुराग मेहता ने 2003 में अमेरिका में ओमेगा हेल्थकेयर की स्थापना की थी। वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं देने के मकसद से इस कंपनी की स्थापना की गई थी। कंपनी इस समय अमेरिका, भारत और फिलिपींस में कारोबार कर रही है।

इसके ज्यादातर कर्मचारी भारत में हैं। ब्लैकस्टोन ने भारत में अब तक 50 अरब डॉलर निवेश किए हैं। कंपनी भारत में निवेश और बढ़ाना चाहती है तथा उसकी नजर स्वास्थ्य, तकनीक, रियल एस्टेट और आधारभूत ढांचा क्षेत्रों पर है। कंपनी आने वाले वर्षों में भारत में 25 अरब डॉलर और निवेश करना चाहती है।

कंपनी ने हर साल 2 अरब डॉलर निवेश करने की योजना तैयार की है। ब्लैकस्टोन के आला अधिकारियों का कहना है कि भारत में प्राइवेट इक्विटी निवेश से उन्हें सबसे अधिक कमाई हुई है। इन अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन के बाद भारत उनके लिए निवेश के तीन शीर्ष ठिकानों में शुमार हो गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत में निवेश के और मौके तलाश रही है।

सूत्र ने कहा कि ब्लैकस्टोन के अलावा ओमेगा को खरीदने की होड़ में कई अन्य कंपनियां भी शामिल हो सकती हैं। सूत्र ने कहा कि कुछ मौजूदा निवेशक अपना कुछ हिस्सा बनाए रख सकते हैं। हाल के कुछ महीनों में स्वास्थ्य एवं संबद्ध क्षेत्रों में वैश्विक प्राइवेट इक्विटी कंपनियां काफी दिलचस्पी दिखा रही हैं।

न्यूयॉर्क की प्राइवेट इक्विटी कंपनी केकेआर ऐंड कंपनी ने 6 मई को कहा था कि वह स्वास्थ्य उपकरण बनाने वाली कंपनी हेल्थियम मेडटेक का अधिग्रहण करेगी।

# अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी की बंपर खरीदी हुई

## - सोना 73 हजार, चांदी 85 हजार से अधिक



**नई दिल्ली ।** अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को देशभर में सोने-चांदी की बंपर खरीद हुई। जिससे दोनों ही धातुओं की कीमत में जोरदार उछाल भी दिखा। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट तर को पार कर गया तो चांदी 85 हजार से कहीं ऊपर पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे भी सोने-चांदी में तेजी रुकेगी नहीं और साल के आखिर तक दोनों के भाव नई ऊंचाई पर होंगे। दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार 10 मई को सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई. पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना 24 कैरेट 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है। वै श्विक बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। अमेरिका में बेरोजगारी दावों के नवीनतम आंकड़ों से श्रम बाजार में सुस्ती के संकेत मिलने के बाद सोने में तेजी आई। इससे यह विश्वास बढ़ा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस वर्ष ब्याज दर में कटौती शुरू कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो आने वाले समय में सोने की मांग और बढ़ेगी, क्योंकि ब्याज नीचे आने पर लोग सोने पर ज्यादा दांव लगाएंगे।

# मारुति सुजुकी ने की न्यू जनरेशन स्विफ्ट लॉन्च

## -कीमत 6.49 लाख रुपये से शुरू

**नई दिल्ली ।** भारत में मारुति सुजुकी ने न्यू जनरेशन स्विफ्ट को लॉन्च किया है। न्यू स्विफ्ट एसयूवी को 6.49 लाख रुपये की एक्स-शोरूम कीमत पर लाया गया है। इसके टॉप वैरिएंट की कीमत 9.65 लाख रुपये, एक्स-शोरूम तय की गई है। नई स्विफ्ट को कुल 9 तरह के एक्सटीरियर रंगों में लॉन्च किया गया है। इनमें सिंगल टोन और डुअल टोन दो तरह के रंग शामिल हैं। कंपनी ने दो नए कलर शेड- लस्टर ब्लू और नोवल ऑरेंज को भी लॉन्च किया है। नई मारुति स्विफ्ट की माइलेज भी सामने आ चुकी है जो इसके पुराने मॉडल से 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के मुताबिक, स्विफ्ट के मैनुअल वैरिएंट्स में 24.8 केएमपीएल और ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है। 2024 मारुति स्विफ्ट पांच वैरिएंट - एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), झेडएक्सआई और झेडएक्सआई प्लस में उपलब्ध होगी। इसमें नौ अलग-अलग पेंट विकल्प भी मिलेंगे, जिनमें मोनोटोन और डुअल-टोन दोनों विकल्प शामिल हैं। अगर फीचर्स की बात करें तो न्यू जनरेशन मारुति स्विफ्ट में अब कई नए फीचर्स मिल रहे हैं। कंपनी इसके सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर 6 एयर बैग दे रही है। इसके अलावा हिल होल्ड असिस्ट, थ्री पॉइंट सीट बेल्ट और नया सस्पेंशन सेटअप भी दिया गया है। 2024 स्विफ्ट के केबिन में अब पहले से बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है जो बलेनो और फ्रॉन्क्स से प्रेरित है।नई स्विफ्ट की लंबाई 3,860 मिमी, चौड़ाई 1,695 मिमी और ऊंचाई 1,500 मिमी है। यह अपने पुराने मॉडल की तुलना में 15 मिमी लंबी, 30 मिमी ऊंची और 40 मिमी चौड़ी है। हालांकि, इसका व्हीलबेस पुराने मॉडल जैसा ही है। न्यू जनरेशन स्विफ्ट में कंपनी ने नया झेड-सीरीज 1.2-लीटर, तीन-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया है जो 82 एचपी की पॉवर और 108 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है।

# अब पैन-आधार वेरिफाई करेगा पोस्ट ऑफिस

## - गड़बड़ी मिली तो नहीं कर पाएंगे निवेश

**नई दिल्ली ।** पिछले साल 1 अप्रैल से पोस्टऑफिस की स्कीम में निवेश करने के लिए पेन और आधार की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में पोस्ट ऑफिस आपके परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) की वैलिडिटी को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ क्रॉस-चेक करके वेरिफाई करेगा। इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि आपका पैन आपके आधार कार्ड से जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही आपने पोस्ट ऑफिस की स्कीम के लिए जो नाम और जन्मतिथि की जानकारी दी है, वह सही है या नहीं। इनमें कोई गड़बड़ी मिलती है तो आप इन स्कीम में निवेश नहीं कर पाएंगे। पैन वैरिफिकेशन सिस्टम प्रोटीन ई-जीओवी टेक्नोलॉजीस (पूर्व में एनएसडीएल) सिस्टम के साथ जुड़ा हुआ है। इस सिस्टम से मिले रिस्पॉन्स के आधार पर पेन को फिनाकिल में मान्य किया जाता है। यह व्यवस्था 30 अप्रैल, 2024 तक लागू थी। 7 मई को जारी डाक विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया है कि पैन वैरिफिकेशन से संबंधित प्रोटीन सिस्टम को 1 मई, 2024 को संशोधित किया गया है। अगर आपने अभी तक भी अपना पैन कार्ड आधार से लिंक नहीं कराया है, तो इसे फटाफट करा लें। ऐसे लोग जो 30 जून, 2023 की समयसीमा तक पैन-आधार लिंक नहीं करा सके हैं उन पर पेनल्टी लगाने की समयसीमा में आयकर विभाग ने ढील दी है। आयकर विभाग के मुताबिक, 31 मई तक आधार के साथ पैन को लिंक करा लेने पर टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर नियमों के अनुसार करदाता को अपने पैन को अपने आधार नंबर के साथ लिंक करना होता है। अगर ये दोनों लिंक नहीं होते तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना जरूरी है।

# पेट्रोल 12 और डीजल 9 रुपए होगा सस्ता!

**इस्लामाबाद ।** महंगाई की मार का सामना कर रहे पो किस्तान के लोगों को जल्द ही एक बड़ी राहत मिलने वाली है। दरअसल, सरकार 16 मई से पेट्रोल और डीजल के दामों में कटौती करने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल के दाम 12 रुपए तक कम हो सकते हैं। वहीं डीजल 9 रुपए तक कम हो सकते हैं। हालांकि अभी तक पाकिस्तान सरकार की ओर से इस संबंध में अधिकारिक जानकारी नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान में कच्चे तेल की कीमतों में 6.32 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट आई है, जो लगभग 99.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। यहीं वजह है कि सरकार अब पाकिस्तान की जनता को राहत देने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल के दाम 12 रुपए और डीजल 9 रुपए तक कम हो सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि जुलाई 2023 से अप्रैल 2024 तक पेट्रोलियम पदार्थों की कुल बिक्री 12,443,000 मीट्रिक टन रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11 फीसदी कम है। अप्रैल में देश में 1,104,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले साल अप्रैल की तुलना में 6 फीसदी और मार्च की तुलना में 4 फीसदी की कमी दर्शाती है।



## आईएमएफ को कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता पर संदेह

**इस्लामाबाद ।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही वैश्विक वित्तीय निकाय ने नकदी की कमी का सामना कर रहे देश की कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के बारे में वाशिंगटन स्थित बैंक का आकलन ऐसे वक्त में आया है, जब आईएमएफ सहायता दल यहां अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए पहुंचा है। इस्लामाबाद ने विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत नए राहत पैकेज का अनुरोध किया था। आईएमएफ का दल इस अनुरोध पर चर्चा के लिए आया है। एक खबर के मुताबिक इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान पर जारी अपनी स्टाफ रिपोर्ट में आईएमएफ के हवाले से कहा गया है कि कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता गंभीर जोखिमों के अधीन है, और यह नीतियों को लागू करने तथा समय पर बाहरी वित्तपोषण पर निर्भर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेष रूप से सुधारों को अपनाने में देरी, उच्च सार्वजनिक ऋण और सकल वित्त पोषण की जरूरतें और सामाजिक-राजनीतिक कारक - नीति कार्यान्वयन को खतरे में डाल सकते हैं।




## एसबीआई के शेयर ने निवेशकों को किया मालामाल

**मुंबई ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) देश के प्रमुख बैंक में शामिल है। यह देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक है। इसके ग्राहकों की संख्या 50 करोड़ से ज्यादा है। एसबीआई एफडी समेत निवेश से जुड़ी कई स्कीम चलाता है। बैंक एफडी पर अधिकतम 7.60 फीसदी का ब्याज दे रहा है। वहीं सेविंग्स अकाउंट पर 3 फीसदी तक का सालाना ब्याज मिलता है। अगर एसबीआई के शेयर की बात करें तो इसने एक साल में बैंक की सभी स्कीम के मुकाबले कहीं ज्यादा रिटर्न दिया है। एसबीआई की स्कीम में जहां सालाना अधिकतम 7.60 फीसदी का रिटर्न मिल रहा है, वहीं इसके शेयर ने पिछले 1 साल में 42.44 फीसदी का रिटर्न दिया है। एक साल पहले एसबीआई के एक शेयर की कीमत 573.45 रुपये थी। आज इसकी कीमत 42.44 फीसदी बढ़कर 816.85 रुपये हो गई है। शेयर से मिलने वाले रिटर्न का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अगर आप एसबीआई के शेयर में एक साल पहले 1 लाख रुपये निवेश करते तो आज यह रकम बढ़कर 1.42 लाख रुपये हो जाती। वहीं एफडी में अधिकतम 7.60 फीसदी रिटर्न के साथ यह रकम करीब 1.07 लाख रुपये ही रहती। ऐसे में आपको शेयर में 1 लाख रुपये निवेश करने पर एफडी में 1 लाख रुपये निवेश करने के मुकाबले 35 हजार रुपये का ज्यादा फायदा होता।

## मोशनल ने अमेरिका में 550 कर्मचारियों को बर्खास्त किया

**सैन फ्रांसिस्को ।** ऑटोनॉमस व्हीकल टेक्नोलॉजी कंपनी मोशनल ने अमेरिका में लगभग 550 कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिट्रेनिंग नोटिफिकेशन (डब्ल्यूएआरएन) के अनुसार बर्खास्त कर्मचारियों में से लगभग 145 कर्मचारी पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग शहर में काम करते थे। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी कमर्शियल संचालन रोक रही है और रोबोटैक्सी सेवा शुरू करने की योजना में देरी कर रही है। मोशनल की हर एक टीम प्रभावित हुई है, जिसमें एक मुख्य परिचालन अधिकारी भी शामिल हैं। मोशनल के रिमोट वाहन सहायता प्लेटफॉर्म पर काम करने वाली टीम में भारी कटौती की गई है। मोशनल हुंडई मोटर ग्रुप और ऑटो पार्ट्स सप्लायर एप्टिव के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

## एलआईसी का अप्रैल में प्रीमियम संग्रह 12,384 करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का अप्रैल में प्रीमियम संग्रह 12,384 करोड़ रुपये रहा जो पिछले 10 वर्षों का सर्वाधिक मासिक संग्रह है। जीवन बीमा परिषद के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए एलआईसी ने कहा कि अप्रैल, 2024 में उसने कुल 12,383.64 करोड़ रुपये का प्रीमियम संकलित किया। यह अप्रैल 2023 में एकत्रित 5,810.10 करोड़ रुपये के प्रीमियम से 113.14 प्रतिशत अधिक है। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय एलआईसी की नवीन विपणन रणनीतियों के साथ उसकी विश्वसनीयता तथा ग्राहक-केंद्रित सेवाओं को दिया जा सकता है। व्यक्तिगत प्रीमियम श्रेणी के तहत एलआईसी ने अप्रैल में कुल 3,175.47 करोड़ रुपये का प्रीमियम एकत्र किया जो अप्रैल 2023 के 2,537.02 करोड़ रुपये से 25.17 प्रतिशत अधिक है। इस महीने में समूह प्रीमियम 182.16 प्रतिशत बढ़कर 9,141.34 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल 2023 में 3,239.72 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह वृद्धि समूह वार्षिक प्रीमियम श्रेणी में 100.33 प्रतिशत की वृद्धि से प्रेरित है, जो अप्रैल 2023 के 33.36 करोड़ रुपये से बढ़कर अप्रैल 2024 में 66.83 करोड़ रुपये हो गई।




# शेयर बाजार में दो दिन बढ़त, तीन दिन गिरावट रही

**- सेंसेक्स 260 अंकों की बढ़त के साथ 72,664 पर बंद**

**- निफ्टी 97 अंक मजबूत होकर 22,055 पर बंद**




**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों की वजह से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में दो दिन बढ़त और तीन दिन गिरावट देखी गई। बाजार के जानकारों के मुताबिक विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते लगातार तीन दिन गिरावट की मार झेल रहे घरेलू शेयर बाजार को सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को थोड़ी राहत मिली है। अक्षय तृतीया पर घरेलू दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसी बाजार के लिए गोताखोर साबित हुए हैं और इन दोनों कंपनियों के शेयरों ने सेंसेक्स-निफ्टी को गिरावट से बाहर निकालने में अपनी ताकत दिखाई। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स 235.82 अंकों की बढ़त के साथ 74,106.15 पर खुला और 17.39 अंकों की बढ़त के साथ 73,895.54 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 7.36 अंक ऊपर 22,483.20 पर खुला और 33.15 अंक टूटकर 22,442.70 पर बंद हुआ। सुस्त शुरुआत के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में बड़ी बिकवाली दिखी। शुरुआती कारोबारी सेशन के बाद बाजार में निवेशकों ने अपने करीब 5.49 लाख करोड़ रुपये गंवा दिए। इस दौरान सेंसेक्स 601 अंक फिसलकर 73,294 पर खुला और 383.69 अंक टूटकर 73,511.85 पर बंद हुआ। निफ्टी 85.75 अंकों की तेजी के साथ 22,561 के लेवल पर खुला है।और 140.21 अंक टूटकर 22,302.50 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 160.88 अंक फिसलकर 73,350.97 के स्तर पर खुला और 45.46 अंक टूटकर 73,466.39 पर बंद हुआ। निफ्टी 26.25 अंक फिसलकर 22,276.25 के स्तर पर खुला और 40 अंक फिसलकर 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 33 अंकों की बढ़त के साथ 73499 पर खुला और 1062.22 अंक या 1.45 फीसदी गिरकर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 77 अंकों के नुकसान के साथ 22224 पर खुला। निफ्टी 77 अंकों के नुकसान के साथ 22224 पर खुला और 335.40 अंक या 1.5 प्रतिशत लुढ़क कर 21,967.10 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में मामूली तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 121.18 अंक या 0.17 फीसदी चढ़कर 72,525.35 अंक पर खुला और 260.30 अंकों की बढ़त के साथ 72,664.47 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 52.30 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,009.80 अंक पर खुला और 97.71 अंक मजबूत होकर 22,055.20 पर बंद हुआ।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 641.59 अरब डॉलर



**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले तीन सप्ताह की गिरावट के बाद तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। इससे पहले, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 14 करोड़ डॉलर घटकर 4.49 अरब डॉलर रह गई।

# गुणवत्ता खराब हुई तो मसाला कंपनियों का लाइसेंस होगा निरस्त!

**- सरकार की सख्ती के बाद एफएसएसएआई ने जुटाए 1,500 से ज्यादा सैंपल**

**नई दिल्ली ।** सरकार ने मसालों की गुणवत्ता के बारे में शिकायतें आने के बाद सख्त रवैया अपना लिया है। एक आला अधिकारी ने बताया कि अगर मसाला बनाने वाली कंपनी डिब्बाबंद मसाला उत्पादों में कीटनाशकों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक रखी तो सरकार उसका लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देश भर से मसालों के 1,500 से अधिक नमूने एकत्र किए हैं। एफएसएसएआई फिलहाल इन नमूनों की जांच कर इनमें रसायन, सूक्ष्मजीव, माइक्रोटॉक्सिन्स, सूडान डाई और एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) सहित 234 कीटनाशकों की मात्रा का पता लगाने में जुट गई है। देश भर में एफएसएसएआई के 1,500 से अधिक परीक्षण केंद्र हैं।


अधिकारी ने बताया कि इन नमूनों की जांच रिपोर्ट 15 दिनों में आ जाएगी। खाद्य नियामक ने बाजार में उपलब्ध मसालों की गुणवत्ता परखने के लिए 25 अप्रैल को पूरे देश में मुहिम शुरू की है। इससे पहले हॉन्ग कॉन्ग में सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और सिंगापुर फूड एजेंसी ने भारत के दो मसाला ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट स्पाइसेस के मसाला उत्पादों में ईटीओ मौजूद होने का दावा किया था।

इन शिकायतों के बाद एफएसएसएआई ने यह कदम उठाया है। सूत्रों ने कहा कि नियामक ने मसाला बनाने वाली सभी कंपनियों से नमूने एकत्र किए हैं। नियामक बाजार में उपलब्ध शिशु आहार के नमूने की भी जांच कर रहा है।

सरकारी अधिकारी ने कहा कि इस जांच के नतीजे भी अगले 15 दिनों में मिल जाएंगे। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार सुरक्षा आयोग (एनसीपीसीआर) ने एफएसएसएआई को बाजार में मिल रहे शिशु आहार में चीनी की मात्रा जांचने के निर्देश दिए हैं। स्विट्जरलैंड की एक गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) पब्लिक आई की एक रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है।

## लग्जरी घरों की बिक्री 5 साल में तीन गुना बढ़ी

**नई दिल्ली ।** देश में महंगे मकानों की मांग में जोरदार तेजी देखी जा रही है। पिछले पांच साल में लग्जरी घरों की बिक्री सात फीसदी से तीन गुना बढ़कर 21 फीसदी पर पहुंच गई है। सस्ते मकानों की बिक्री 37 फीसदी से 17 फीसदी घटकर 20 फीसदी पर आ गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल जनवरी-मार्च में शीर्ष सात शहरों में कुल 1.30 लाख घर बिके हैं। इनमें 27,070 मकान यानी 21 फीसदी लग्जरी रहे हैं। सबसे ज्यादा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 15,645 मकानों की बिक्री हुई है, जो कुल बिक्री का 39 फीसदी है। इनकी कीमत 1.5 करोड़ से पांच करोड़ रुपये के बीच रही है। 2024 की पहली तिमाही में शीर्ष-7 शहरों में लगभग 1,10,860 घर (इकाई) हुए। 28,020 मकान (25 फीसदी) लग्जरी थे। सिर्फ 19,980 यानी 18 फीसदी सस्ते वाले मकान थे। पांच साल पहले 2019 की समान अवधि में इन शहरों में 70,480 घर बने। तब सस्ते मकानों की हिस्सेदारी 44 फीसदी थी। लग्जरी का सिर्फ 9 फीसदी हिस्सा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना के बाद सस्ते मकानों की मांग कम हो गई। अब लोग बड़े घर तलाश रहे हैं। यही कारण है कि ऐसे मकानों की कीमतें भी बढ़ी हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in